सुविचार
मैदान में हारा हुआ इंसान तो जीत सकता है लेकिन मन से हारा हुआ इंसान कभी नहीं जीत सकता।

तापमान डिग्री सेल्सियस

| | |
|---|---|
| अधिकतम | 39.0 |
| न्यूनतम | 24.0 |
| सूर्योदय | 05.27 |
| सूर्यास्त | 06.41 |

वर्ष : 03 अंक : 80 लखनऊ, शुक्रवार 03 मई 2024 www.dailyjantaconnection.com EMail:jcnews240@gmail.com पृष्ठ : 4 , मूल्य : 1.00 रुपए

हिन्दी दैनिक

# जनता कनेक्शन



## चुनाव के दौरान प्रस्तावित योजनाओं के लाभार्थियों के सर्वे पर कार्रवाई करेगा आयोग




नयी दिल्ली। चुनाव आयोग ने चुनाव के दौरान राजनीतिक दलों और उम्मीदवारों द्वारा अपनी प्रस्तावित योजनाओं के लिए संभावित लाभार्थीयों के सर्वेक्षण और लोगों से विवरण की अपील जारी न करने के निर्देश दिए हैं। आयोग ने अधिकारियों से इसका उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध कार्रवाई करने के निर्देश भी दिए हैं। आयोग ने गुरुवार को कहा कि उसने इस तरह के सर्वे और अपील को गंभीरता से लिया है और इसे जन प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 123 (1) के तहत मतदाताओं को रिश्वत देने जैसा भ्रष्टाचार मानता है। आयोग की एक विज्ञप्ति में कहा गया है, 卐कुछ राजनीतिक दल और उम्मीदवार ऐसी गतिविधियों में संलग्न रहे हैं जो किसी वैध सर्वेक्षण और चुनाव के बाद लाभार्थी-उन्मुख योजनाओं के लिए व्यक्तियों को पंजीकृत करने के पक्षपातपूर्ण प्रयासों के बीच के अंतर को धुंधला करती हैं। आयोग ने इस समय चल रहे आम चुनाव 2024 में इस प्रकार की विभिन्न घटनाओं पर गौर करते हुए आज इस सबंध में एक परामर्श-पत्र जारी किया है। इसमें सभी राष्ट्रीय और राज्य स्तरीय राजनीतिक दलों को किसी भी विज्ञापन/सर्वेक्षण/ऐप के माध्यम से चुनाव के बाद लाभार्थी-उन्मुख योजनाओं के लिए व्यक्तियों को पंजीकृत करने वाली किसी भी गतिविधि को तुरंत बंद करने और उससे दूर रहने के लिए कहा गया है। आयोग ने कहा कि चुनाव के बाद के प्रस्तावित लाभों के लिए पंजीकरण करने के लिए व्यक्तिगत मतदाताओं को आमंत्रित करना या उनका आह्वान करना उनके बीच पास्परिक लेन-देन के सौदे का आभास उत्पन्न कर सकता है । यह एक विशेष तरीके से एकतरफा मतदान के प्रलोभन की व्यवस्था है। आयोग ने सभी जिला निर्वाचन अधिकारियों को वैधानिक प्रावधानों के तहत ऐसे किसी भी विज्ञापन के खिलाफ उचित कार्रवाई करने का निर्देश दिया है, जैसे कि लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 127 ए, लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 123 (1), और भारतीय दंड संहिता की धारा 171 (बी) के तहत कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं।

## सुप्रीम कोर्ट ने एससीबीए में महिला आरक्षण का दिया निर्देश

जनता कनेक्शन



नयी दिल्ली, उच्चतम न्यायालय ने समय की चुनौतियों से निपटने के लिए सुधारों पर जोर देते हुए %सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन% (एससीबीए) के आने वाले चुनाव से एक तिहाई पद महिला सदस्यों के लिए आरक्षित करने का गुरुवार को निर्देश दिया। न्यायमूर्ति सूर्य कांत की अध्यक्षता वाली पीठ ने यह निर्देश देते हुए कहा कि एससीबीए एक प्रमुख संस्थान है। इसके नाते यह दशकों तक एक जैसा नहीं रह सकती है। चुनौतियों से निपटने के लिए समय पर सुधारों को प्रतिबिंबित करना चाहिए। पीठ ने निर्देश दिया कि एससीबीए के पदाधिकारियों का एक पद विशेष रूप से महिलाओं के लिए बारी-बारी से (रोटेशन के आधार पर) आरक्षित किया जाएगा। शीर्ष अदालत ने कहा कि यह विशेष महिला आरक्षण 16 मई को होने वाले 2024-25 के चुनावों में कोषाध्यक्ष पद से शुरू होगा। पीठ ने कहा, 卐हालांकि, बार के सदस्यों के सुझावों पर उचित विचार के बाद ऐसे सुधार लाए जाने की जरूरत है। हमारा विचार है कि एससीबीए एक प्रमुख संस्थान है और देश के सर्वोच्च न्यायिक मंच का एक अभिन्न अंग। मानदंड, पात्रता शर्तें, सदस्यता, सदस्यता शुल्क संरचना आदि दशकों तक स्थिर नहीं रह सकते हैं। इनमें समय पर सुधार करना होगा। समय-समय पर संस्थान के सामने आने वाली चुनौतियों का समाधान करना आवश्यक है। शीर्ष अदालत ने एससीबीए की कार्यकारी समिति से बार के सभी सदस्यों से सुझाव आमंत्रित करने को भी कहा।

## हार की खिसियाहट जता रही है कांग्रेस



लखनऊ । मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे द्वारा भगवान राम और शिव पर दिए गए वक्तव्य पर आक्रोश जताया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस लोकसभा चुनाव 2024 में बुरी तरह पराजित हो रही है और हार की इसी खिसियाहट को वह बहुसंख्यक हिंदू समाज की आस्था को अपमानित कर, उसके साथ खिलवाड़ कर व्यक्त कर रही है। मैनपुरी, एटा और फिरोजाबाद में चुनावी जनसभा के लिए निकलने से पूर्व अपने सरकारी आवास पर मीडिया से बातचीत करते हुए सीएम योगी ने कहा कि कांग्रेस का इतिहास इस प्रकार के कृत्यों से भरा पड़ा है, लेकिन इन सबके बावजूद चुनाव के समय इस तरह के संवेदनशील मुद्दों को उठाकर कांग्रेस भारत की आस्था के साथ-साथ बहुसंख्यक समाज को अपमानित करने का काम कर रही है। सीएम ने कहा कि आपस में बांटों और राज करो ये कांग्रेस की पुरानी प्रवृत्ति रही है और अंग्रेजों की उस विरासत को ही अब वह आगे बढ़ाने का काम कर रही है। उसने जाति के नाम पर, क्षेत्र के नाम पर, भाषा के नाम पर समाज को बांटने का प्रयास किया है और आगे भी लगातार वह इस प्रकार के कृत्यों को अपना रही है। उसके इलेक्शन मैनिफेस्टो में भी समाज को जातीय आधार पर बांटने का प्रयास किया गया है।

### कांग्रेस के पतन की नई शुरुआत

सीएम योगी ने साथ ही ये भी कहा कि हम इस बात को जरूर ध्यान में रखें कि हमारे शास्त्र इस बात का प्रमाण हैं कि शिव का द्रोही हो या राम का द्रोही, उसका पराभव, उसका पतन अवश्य हुआ है। ये कांग्रेस के पतन की एक नई शुरुआत है और कांग्रेस इस प्रकार के स्तरहीन वक्तव्यों को देकर हिंदू आस्था के साथ तो खिलवाड़ कर ही रही है लेकिन अपने कृत्यों से कांग्रेस को इतिहास की वस्तु बनाने की ओर भी कांग्रेस का नेतृत्व उसे धकेल रहा है। मुझे लगता है प्रभु श्रीराम और देवाधिदेव महादेव शिव इनको सद्बुद्धि देंगे कि कम से कम जब कांग्रेस को लोग विसर्जन करने पर तुले ही हैं तो अब तो वह सच का रास्ता अपना ले।

## संक्षिप्त समाचार

### अमृतसर में पांच किग्रा से अधिक हेरोइन और गोला बारूद बरामद

जालंधर । पंजाब में अमृतसर जिले में बीएसएफ और पंजाब पुलिस की संयुक्त कार्रवाई के दौरान भारी मात्रा में संदिग्ध हेरोइन और गोला-बारूद की बरामद हुआ है। बीएसएफ के प्रवक्ता ने गुरुवार को कहा कि जिला अमृतसर के सीमावर्ती क्षेत्र में एक संदिग्ध बड़े पैकेट की मौजूदगी के बारे में बीएसएफ खुफिया इकाई की ओर से साझा की गयी जानकारी के आधार पर, पंजाब पुलिस के सहयोग से बीएसएफ सैनिकों ने संदिग्ध क्षेत्र में एक संयुक्त तलाशी अभियान चलाया। दोपहर करीब 02ः20 बजे तलाशी के दौरान जवानों ने नायलॉन की रस्सी से बंधा 01 बड़ा नीले रंग का सूती बैग सफलतापूर्वक बरामद किया। यह बरामदगी अमृतसर जिले के ग्राम मोड से सटे एक खेती के खेत में हुयी। बैग के अंदर सफेद रंग की पैकिंग सामग्री वाले पांच छोटे पैकेट जिसमें संदिग्ध हेरोइन (कुल वजन- 5.275 किलोग्राम) और एक कार्टन बॉक्स जिसमें 30 बोर कैलिबर के 37 राउंड जीवित गोला बारूद थे, मिले। बैग के साथ 06 नग रोशन करने वाली स्टिक भी लगी हुई मिली।

### नांदसी में पुनर्मतदान में 68.66 प्रतिशत मतदाताओं ने किया वोट



अजमेर। लोकसभा आम चुनाव (पुनर्मतदान) 2024 के तहत अजमेर लोकसभा क्षेत्र के नांदसी मतदान केन्द्र क्रमांक 195 पर 68.66 प्रतिशत मतदान हुआ।

राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रवीण गुप्ता के अनुसार लोकसभा आम चुनाव (पुनर्मतदान) 2024 के तहत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार गुरुवार को अजमेर लोकसभा क्षेत्र के मसूदा विधानसभा इलाके में राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय नांदसी के मतदान केन्द्र क्रमांक 195 पर पुनर्मतदान हुआ। मतदान सुबह सात बजे कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच शांतिपूर्वक शुरु हुआ और इसमें ग्रामीणों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। मतदान बूथ के पंजीकृत 753 मतदाताओं में से 517 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का उपयोग किया।श्री गुप्ता ने बताया कि पुनर्मतदान वाले बूथ का निर्वाचन आयोग के द्वारा नियुक्त पर्यवेक्षकों द्वारा अवलोकन किया गया। सामान्य चुनाव पर्यवेक्षक के. मंजूलक्ष्मी तथा पुलिस चुनाव पर्यवेक्षक डी.नरसिम्हा किशोर द्वारा मतदान प्रक्रिया का अवलोकन किया गया। उल्लेखनीय है कि लोकसभा आम चुनाव के तहत गत 25 अप्रैल को मतदान केन्द्र पर मतदान कराया गया था लेकिन मतदान सम्बंधित रजिस्टर रेकॉर्ड खो जाने की सूचना के बाद यहां पुनर्मतदान कराया गया।

### अंग्रेजी शराब से भरा ट्रक जब्त, 7800 बोतलें बरामद

सिरसा, हरियाणा में सिरसा पुलिस एवं आबकारी विभाग की संयुक्त टीम ने एक सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए डिंग थाना के गांव मोरीवाला क्षेत्र में एक ट्रक को रोका और अवैध रूप से ले जाई जा रही 'ऑल सीजंस' मार्का अंग्रेजी शराब की 7800 बोतलें बरामद की हैं। पुलिस अधीक्षक विक्रांत भूषण ने आज बताया कि अवैध रूप से ले जायी जा रही शराब के आरोपी की पहचान विशाल पुत्र पप्पू राम निवासी बरवाला जिला हिसार के रुप में हुई है। आरोपी के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत डिंग थाना में मामला दर्ज कर लिया गया है और जांच शुरु की गई है। उन्होंने बताया कि पकड़े गए आरोपी को अदालत में पेश कर रिमांड हासिल किया जाएगा और रिमांड अवधि के दौरान अवैध शराब तस्करी में संलिप्त लोगों के बारे में नाम पता मालूम कर उनके खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी ।

पुलिस अधीक्षक ने बताया कि बरामद की गई 7800 शराब की बोतलों की स्थानीय बाजार में अनुमानित कीमत करीब 40 लाख रुपए बताई जा रही है। उन्होंने बताया कि लोकसभा चुनाव के मद्देनजर मादक पदार्थों की तस्करी रोकने के लिए जिला पुलिस की और से पंजाब और राजस्थान से सटी सीमाओं तथा जिला के अंदर कुल 32 नाके लगाए गए है। नाकों से गुजरने वाले संदिग्ध व्यक्तियों और वाहनों की बारिकी से जांच की जा रही है। गौरतलब है कि जिला पुलिस द्वारा लोकसभा चुनाव के मद्देनजर आचार सहिंता लागू होने के उपरांत करीब दो माह की अवधि के दौरान करोड़ो रुपए के मादक पदार्थ, अवैध शराब तथा अवैध असला बरामद किया जा चुका है।

### लोकसभा चुनाव प्रभावित करने की कोशिश कर रहा है अमेरिका

नयी दिल्ली । भारत ने अमेरिका के अंतरराष्ट्रीय धार्मिक स्वतंत्रता आयोग को एक पक्षपाती संगठन और उसकी रिपोर्ट को राजनीतिक एजेंडा करार दिया है तथा कहा है कि इसके जरिये भारत के आम चुनावों को प्रभावित करने की कोशिश की जा रही है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने गुरुवार को यहां मीडिया की नियमित ब्रीफिंग में कहा, 卐यूनाइटेड स्टेट्स कमीशन ऑन इंटरनेशनल रिलीजियस फ्रीडम (यूएससीआईआरएफ) ने कल अपनी रिपोर्ट 2024 जारी की है। वे पहले भी अपनी रिपोर्ट जारी करते रहे हैं। प्रवक्ता ने कहा कि यूएससीआईआरएफ को एक पक्षपाती संगठन के रूप में जाना जाता है। वे वार्षिक रिपोर्ट को भारत पर अपने एक राजनीतिक एजेंडे के हिस्से के रूप में प्रचारित करते हैं।




उन्होंने कहा, 卐हमें वास्तव में कोई उम्मीद नहीं है कि यूएससीआईआरएफ कभी यह समझने की कोशिश करेगा कि दुनिया में सबसे बड़े चुनावी अभियान में हस्तक्षेप करने के उनके प्रयास कभी सफल नहीं होंगे।

## भाजपा सरकार ने कोरोना में लोगों की जान का किया सौदा : संजय

जनता कनेक्शन



नयी दिल्ली। आम आदमी पार्टी (आप) के वरिष्ठ नेता संजय सिंह ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने कोरोना महामारी के दौरान लोगों की जान का सौदा करते हुए कोवीशिल्ड बनाने वाली कंपनी से 50.25 करोड़ रुपए की रिश्वत ली।

श्री सिंह ने आज कहा कि भाजपा ने कोरोना महामारी के दौरान लोगों की जान का सौदा करते हुए कोविशिल्ड बनाने वाली कंपनी से 50.25 करोड़ रुपए की रिश्वत ली। जब कोरोना से पूरी दुनिया पीड़ित थी। भारत में लाखों लोगों की जान चली गई, श्मशान लाशों से भरे थे, तब भाजपा भ्रष्टाचार के खेल में डूबी हुई थी। प्रधानमंत्री को जानलेवा कोविशील्ड वैक्सीन लगवाने के लिए देश की जनता से हाथ जोड़कर माफी मांगनी चाहिए।

उन्होंने कहा कि पूरा देश इस बात को जानकर हैरान है कि भाजपा और केंद्र सरकार को आम आदमी की जिंदगी से कोई लेना देना नहीं है। लोग मरते रहें, उनकी जान चली जाए। इस बात से भाजपा को कोई लेना-देना नहीं है। भाजपा और उसकी केंद्र सरकार को हर स्थिति में रिश्वत चाहिए। उन्हें भ्रष्टाचार करना है, भले ही वो आपके मौत के नाम पर ही क्यों न मिले। भाजपा को मौत के बदले भ्रष्टाचार भी मंजूर है।

आप नेता ने कहा कि जब श्मशान में लाशें जल रही थीं, अस्पतालों में मरीजों को ऑक्सीजन नसीब नहीं हो रहा था, तब भाजपा भ्रष्टाचार के खेल में डूबी हुई थी। भाजपा ने कोविशील्ड वैक्सीन बनाने वाली सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया को वैक्सीन बनाने ठेका दिया। जनवरी 2021 में ठेका देकर कंपनी से एक करोड़ 10 लाख डोज मांगी गई थी।

इसके बाद जब यह वैक्सीन बाज़ार में आई तो इसके दुष्प्रभाव से दुनिया भर में हाहाकार मच गया।

## राहुल गांधी रायबरेली से लड़ेंगे चुनाव

### अमेठी व रायबरेली लोकसभा सीट पर उम्मीदवार को लेकर कई दिनों जारी सस्पेंस खत्म

### अमेठी लोकसभा सीट से गांधी परिवार के किशोरी लाल शर्मा चुनाव लड़ेंगे

जनता कनेक्शन






नई दिल्लीः यूपी की अमेठी और रायबरेली सीट पर कांग्रेस कई दिनों से पशोपेश की स्थिति में दिख रही थी। हालांकि अब सभी कयासों पर विराम लग गया है। शुक्रवार को नामांकन के आखिरी दिन कांग्रेस पार्टी ने इन दोनों सीटों पर प्रत्याशियों के नाम की घोषणा की है। कांग्रेस की ओर से इन दोनों सीटों के प्रत्याशियों की एक लिस्ट जारी की। इस लिस्ट के अनुसार कांग्रेस ने राहुल गांधी रायबरेली लोकसभा सीट से प्रत्याशी बनाया है जबकि के एल शर्मा को अमेठी से उम्मीदवार बनाया गया है। वहीं बता दें कि आज ही ये दोनों नेता अपना नामांकन भी दाखिल करेंगे। बता दें कि अमेठी और रायबरेली दोनों ही सीटों पर पर्चा दाखिल करने की आखिरी तारीख 3 मई यानी शुक्रवार है। ऐसे में आज कांग्रेस पार्टी अमेठी और रायबरेली में रोड शो भी करेगी। राहुल गांधी अपनी बहन प्रियंका गांधी वाड्रा के साथ आज सुबह 9.20 बजे चार्टर्ड फ्लाइट से नई दिल्ली से प्रस्थान करेंगे। सुबह करीब 10.20 बजे दोनों लोग फुरसतगंज एयरपोर्ट पर उतरेंगे। इसके बाद भुएमऊ गेस्ट हाउस में रुकेंगे। यहां से राहुल गांधी 12.15-12.45 के बीच अपना नामांकन दाखिल करेंगे। दरअसल, कई दिनों से इन दोनों ही सीटों पर प्रत्याशियों के नामों को लेकर चर्चा चल रही थी। ये दोनों ही सीटें कांग्रेस की पारंपरिक सीटें मानी जाती हैं। हालांकि पिछली बार के चुनाव में अमेठी लोकसभा सीट पर कांग्रेस नेता राहुल गांधी की हार के बाद इस बार का मुकाबला बेहद रोचक माना जा रहा है।

## चार जून के बाद शुरु होगी कांग्रेस ढूंढो यात्रा

जनता कनेक्शन



बरेली । केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने गुरुवार को दावा किया कि लोकसभा चुनाव में इंडिया समूह की करारी हार तय है और कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी चार जून से कांग्रेस ढूढो यात्रा पर निकलेंगे। बरेली में चुनावी जनसभा संबोधित करते हुए श्री शाह ने कहा 卐 घमंडिया गठबंधन के शहजादे राहुल बाबा ने चुनाव की शुरुआत तो भारत जोड़ो यात्रा से की थी लेकिन चार जून के बाद कांग्रेस ढूंढो यात्रा शुरू होगी卐। उन्होने कहा 卐 बाबा अलखनाथ नाथ और बाबा त्रिवटीनाथ की भूमिका को प्रणाम, महाभारत की यह भूमि है। हमारे सामने इंडी गठबंधन चुनाव लड़ रहा है। राहुल बाबा ने चुनाव से पहले भारत जोड़ो यात्रा की शुरुआत की 4 जून के बाद कांग्रेस ढूंढो यात्रा से समापन होगा। इस बार नरेंद्र मोदी 400 से बहुत आगे निकल रहे हैं। श्री शाह ने अधिकाधिक मतदान की अपील करते हुये कहा 卐 एक-एक वोट भाजपा चुनाव चिन्ह कमल पर जानी चाहिए। यह चुनाव नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने का चुनाव है। यह चुनाव आतंकवाद में नक्सलवाद को समाप्त करने का चुनाव है। जब जब यहां आया हूं। मैं पूछना चाहता हूं कि अयोध्या में राम मंदिर बनना चाहिए था या नहीं। 70 साल से कांग्रेस राम मंदिर के मसले को भटका रही थी, लटका रही थी। आपने दूसरी बार मोदी जी को प्रधानमंत्री बनाया और 22 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा हुई। उन्होंने कहा कि सपा मुखिया अखिलेश यादव, राहुल बाबा और प्रियंका गांधी को निमंत्रण दिया लेकिन यह प्राण प्रतिष्ठा में नहीं आये क्योंकि वहां जाएंगे तो इनको वोट नहीं मिलेगा। विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि यह लोग तुष्टिकरण की राजनीति करते रहे हैं। यह कश्मीर हमारा है या नहीं। उत्तर प्रदेश और राजस्थान वालों का कश्मीर से क्या लेना देना, यह कहते थे। लेकिन बरेली का बच्चा-बच्चा मेरे कश्मीर के लिए जान देने के लिए तैयार है।

श्री शाह ने कहा कि कांग्रेस कश्मीर में धारा 370 को हटाने के खिलाफ थी लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 370 हटाई। पूरे कश्मीर में आज हमारा तिरंगा शान से लहरा रहा है। मोदी ने देश को आतंकवाद से मुक्त कर दिया। सोनिया और मनमोहन की सरकार में आतंकी घुस जाते थे और धमाके करते थे।

उन्होंने कहा कि 80 करोड़ गरीबों को अनाज देने का काम किया। साथ ही 12 करोड़ गरीब माताओं को शौचालय बनाकर उनकी रक्षा की है। चार करोड लोगों को घर बनाएं। गैस कनेक्शन दिए। कोरोना के सबको टीका लगाया। श्री शाह ने कहा 卐 1989 से बरेली वासियों ने संतोष गंगवार को 8 बार सांसद बनाया है। संतोष गंगवार के लिए पार्टी ने आगे के लिए एक अलग भूमिका सोची है। इसलिए हम छत्रपाल गंगवार को संसद का प्रत्याशी बनाकर लाये।卐

## सरकार बनने पर किसानों का कर्ज माफ होगा : अखिलेश

जनता कनेक्शन



बरेली। समाजवादी पार्टी (सपा) अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि दिल्ली में इंडिया समूह की सरकार बनने पर किसानों का कर्ज माफ किया जायेगा।

आंवला लोकसभा क्षेत्र के देवचरा में चुनावी सभा संबोधित करते हुये गुरुवार को उन्होने कहा कि सपा -कांग्रेस के इंडी गठबंधन की सरकार आती है तो वह किसानों का कर्ज माफ़ कर देंगे। भाजपा ने देश के उद्योगपतियों का कर्ज माफ़ कर दिया। सरकार किसानों के कर्ज को भी माफ़ कर सकती थी। लेकिन ऐसा नहीं किया गया।उन्होंने अग्निवीर मामले पर भी भाजपा की खिंचाई करते कहा कि पहले पूरे जीवन की फ़ौज की नौकरी मिलती थी। युवा फौज की नौकरी के लिए वर्षों तैयारी करता था। लेकिन इस सरकार ने फ़ौज की नौकरी चार साल की कर दी। जब उनकी सरकार आएगी तो अग्निवीर की नौकरी को समाप्त कर दिया जाएगा।

अखिलेश ने किसानों को साधते हुए कहा कि यही सरकार किसानों के खिलाफ तीन काले कानून लाई थी जिसके विरोध में किसानों ने लड़ाई लड़ी इसके बाद कहीं तीनों काळा कानून वापस हुए थे। क्या ऐसे ही किसानों की आय दोगुनी होगी। अखिलेश ने प्रथम और दूसरे चरण में हुए मतदान को लेकर कहा कि इन दोनों चरणों में भाजपा का सफाया हो जाएगा। यहां एक सीट नहीं मिलने जा रही है। यह चुनाव संविधान बचाने का चुनाव है। उन्होने कहा 400 सीटें जीतने का नारा देने वाले भाजपा के लोगों की भाषा -भाषण बदल गये है।

### प्रियंका आगरा के फतेहपुर सीकरी में करेंगी रोड शो

आगरा, कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा शुक्रवार को आगरा के फतेहपुर सीकरी संसदीय क्षेत्र में रोड शो कर पार्टी प्रत्याशी फौजी रामनाथ सिकरवार के लिये वोट की अपील करेंगी। पार्टी के राष्ट्रीय सचिव एवं राजस्थान के पूर्व मंत्री धीरज गुज्जर ने गुरुवार को पत्रकारों को बताया कि श्रीमती वाड्रा कल दोपहर साढे तीन फतेहाबाद पहुंचेंगी और इंडिया गठबंधन के कांग्रेस उम्मीदवार रामनाथ सीकरवार के पक्ष में तकरीबन 1.5 किलोमीटर का रोड़ शो करेंगी।

गुज्जर ने कहा की 10 साल के झूठे, भ्रष्टाचारी और जनता विरोधी भाजपा शासन का अंत करने का मन जनता ने बना लिया है। आम चुनाव के पहले दो चरणों से आए रुझानों ने ये स्पष्ट कर दिया है कि नरेंद्र मोदी की सत्ता से विदाई तय है। देश में व्याप्त कमरतोड़ महंगाई, बेरोजगारी और भ्रष्टाचार के खिलाफ़ इस लड़ाई में जनता ने कांग्रेस पार्टी और इंडिया गठबंधन को अपना पूर्ण समर्थन प्रदान कर रही है।

## सात हजार से अधिक लोगों ने किया योग

नयी दिल्ली, अंतरराष्ट्रीय योग दिवस से 50 दिन पहले बृहस्पतिवार को गुजरात के सूरत में सात हजार से अधिक लोगों ने एक साथ योगभ्यास किया।

केंद्रीय आयुष मंत्रालय ने यहां बताया कि इस योगाभ्यास में सचिव वैद्य राजेश कोटेचा के साथ-साथ आयुष मंत्रालय के उप महानिदेशक सत्यजीत पॉल, इंटर-यूनिवर्सिटी एक्सेलेरेटर सेंटर, नयी दिल्ली और इंटर-यूनिवर्सिटी सेंटर फॉर योगिक साइंसेज, बेंगलुरु के निदेशक प्रो. अविनाश चंद्र पांडे और मोरारजी देसाई राष्ट्रीय योग संस्थान (एमडीएनआईवाई) के निदेशक वैद्य डॉ. काशीनाथ सामगंडी भी उपस्थित रहे। श्री कोटेचा ने कहा कि योग ने दुनिया का ध्यान खींचा है और योग दिवस, 2023 में दुनिया भर में 23.5 करोड़ से अधिक लोगों ने योग किया। इस वर्ष यह भागीदारी निश्चित रूप से काफी बढ़ेगी। उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय योग दिवस से 25 दिन पहले बोधगया में एक बड़ा कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।



उन्होंने कहा कि एमडीएनआईवाई ने हजारों कुशल योग गुरु तैयार करके देश में योग के परिदृश्य को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

## आप ने शुरू किया 'जेल का जवाब वोट से' हस्ताक्षर अभियान

नयी दिल्ली, आम आदमी पार्टी ने गुरुवार को मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के खिलाफ'जेल का जवाब वोट से' हस्ताक्षर अभियान शुरू किया।

पूर्वी दिल्ली लोकसभा सीट से इंडिया समूह के प्रत्याशी कुलदीप कुमार और जंगपुरा से 'आप' विधायक प्रवीण कुमार ने यहाँ लाजपत नगर सेंट्रल मार्केट से इस अभियान की शुरूआत की। इस दौरान कुलदीप कुमार ने कहा कि अरविंद केजरीवाल ने दिल्लीवालों के लिए मुफ्त और 24 घंटे बिजली, पानी, अच्छे स्कूल-अस्पताल समेत ढेरों काम किया है। ऐसे मुख्यमंत्री को भाजपा द्वारा जेल में डाले जाने से दिल्ली की जनता में भारी आक्रोश है। दिल्ली वाले अपने बेटे अरविंद केजरीवाल के साथ खड़े हैं और इस बार 'जेल का जवाब अपने वोट से देकर भाजपा का दिल्ली से सफाया करेंगे।

श्री कुलदीप कुमार ने कहा कि दिल्ली की जनता 25 मई को भाजपा को दिल्ली से उखाड़ने का काम करेगी। अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के खिलाफ दिल्ली की जनता विभिन्न तरह के अभियान चला रही है। अरविंद केजरीवाल के समर्थन में जब जनता सड़क पर निकलती है तो उसके खिलाफ प्राथमिकी और गिरफ्तारी हो जाती है इसलिए आज जनता 25 मई को बेसब्री से इंतजार कर रही है। विधायक प्रवीण कुमार ने कहा कि भाजपा ने अरविंद केजरीवाल को जेल में डालकर गलत किया है। दिल्ली की जनता अरविंद केजरीवाल को जेल से बाहर निकालना चाहती है और अपना गुस्सा प्रदर्शित करना चाहती है। आम जनता के अंदर भाजपा के खिलाफ माहौल बना हुआ है। हस्ताक्षर अभियान के माध्यम से लोगों द्वारा संदेश लिखा जा रहा है। लोग अपनी भावनाएं व्यक्त कर रहे हैं कि वह अरविंद केजरीवाल को कितना प्यार करते हैं। अरविंद केजरीवाल के काम की लोग सराहना कर रहे हैं। भाजपा अरविंद केजरीवाल को जेल में रखना चाहती है, लेकिन दिल्ली की जनता उनको बाहर निकालना चाहती है।



## सम्पादकीय

# आरक्षण का मुद्दा गरमाया

चुनाव प्रचार में इन दिनों आरक्षण का मुद्दा गरमाया हुआ है। प्रारंभिक तौर पर आरक्षण को सबसे निचले वर्गों की जातियों को आर्थिक तथा राजनीतिक संबल प्रदान करने के लिए वैधानिक तौर पर आरक्षण प्रदान किया गया था।

बाद में आरक्षण का विस्तार होता गया और इसमें नये-नये जाति समूह शामिल होते चले गए।आरक्षण प्राप्त करने के लिए जाट और मराठा जैसे शक्तिशाली समूहों को आंदोलन की राह पकड़नी पड़ी।

दरअसल, जो आरक्षण निचली पायदान पर खड़े जाति समूहों के उत्थान के लिए था, वह सभी जाति समूहों के लिए राजनीतिक शक्ति प्राप्त करने का हथियार बन गया। कहने की जरूरत नहीं है कि आज आरक्षण भारतीय समाज के एक बहुत बड़े वर्ग में असंतोष और चिंता का कारक बना हुआ है।

हिन्दू समाज के अनारक्षित जाति समूह मानते हैं कि उनके साथ अन्याय किया जा रहा है। ऐसी सूरत में एक ऐसे आर्थिक ढांचे पर बल दिए जाने की जरूरत थी जिसमें बिना आरक्षण की सीढ़ी के सभी निचले वर्ग के लोगों को उत्थान के अवसर प्राप्त हों और जातीय आग्रह सामाजिक विग्रह के कारण न बनें लेकिन अब आरक्षण की नीति एक चिंताजनक मोड़ पर ले आई है।

एक ओर जहां कांग्रेस के नेता विशेषकर राहुल गांधी आरोप लगा रहे हैं कि मोदी तीसरी बार सत्ता में आए तो संविधान बदल देंगे और आरक्षण खत्म कर देंगे। दूसरी ओर, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अपनी हर सभा में कह रहे हैं कि कांग्रेस ने आरक्षण को मुस्लिम तुष्टिकरण का नया औजार बना लिया है। वह बार-बार कर्नाटक का उदाहरण दे रहे हैं जहां कांग्रेस ने सभी मुस्लिम जातियों को पिछड़े वर्ग में शामिल करके पिछड़े वर्ग के कोटे से ही 4 प्रतिशत का आरक्षण दे दिया जिसे बाद में भाजपा सरकार ने निरस्त कर दिया। मामला सुप्रीम कोर्ट पहुंचा जहां भाजपा सरकार के फैसले पर रोक लगा दी गई है।

मोदी अपनी हर सभा में खुलकर कह रहे हैं कि अगर कांग्रेस सत्ता में आई तो दलित और पिछड़ों का आरक्षण समाप्त कर मुसलमानों को दे देगी।

संविधान में धर्म के आधार पर आरक्षण की व्यवस्था नहीं है। लेकिन कांग्रेस ने चोर दरवाजे से कर्नाटक में आरक्षण देकर जो कदम उठाया है, उसके दुष्परिणाम समझ नहीं पा रही। बेशक, भाजपा को विरोध का बड़ा चुनावी मुद्दा मिल गया है।

# इंतजामों को अधिक सक्रिय करने की जरूरत

**अनिरुद्ध गौड़**

हमारे देश के वनों में गर्मियों के दिनों में आग लगना एक लगातार सिलसिला है। अप्रैल का महीना शुरू हुआ कि आग से जंगल धधकने लगते हैं। जंगल की आग पर्यावरण की दृष्टि से तो खतरनाक है ही जनजीवन और बायोडायर्वसटी की दृष्टि से भी हानिकारक है। ऐसे समय में जब जंगलों में आग लगती है तो देखा गया है कि उसकी तैयारी में सरकार विफल रही है।

देश के वनों में अप्रैल माह में आग की घटनाओं को देखें तो देश में हाल फिलहाल 361 जगह वनों में आग लगी हैं। इन घटनाओं की निगरानी को फॉरेस्ट सर्वे ऑफ इंडिया की साइट पर लांच बीटा संस्करण एसएनपीपी - वीआईआईआरएस का 10 अप्रैल, 2024 का भारत के वनों में लगी भीषण आग का मौजूद आंकड़ा बताता है कि सबसे अधिक आंध्र प्रदेश में 122, तेलंगाना में 55, छत्तीसगढ़ में 47, उत्तराखंड में 32, बिहार में 23, ओडिसा में 22, उत्तर प्रदेश में 17 सहित 21 राज्यों में 361 जगह आग लगी थी जो 13 अप्रैल को घट कर काबू होने के बाद 33 रह गई। 1अप्रैल को देश के वनों में 132 बड़ी आग लगी थी जो 10 अप्रैल को 361 जगह तक पहुंच गई है। अप्रैल माह में पिछले 7 दिनों का आंकड़ा देखें तो एक्टिव आग की घटनाओं में टॉप फाइव राज्यों में छत्तीसगढ़ में 166, आंध्र प्रदेश में 248, मध्य प्रदेश में 207, ओडिसा में 146 और असम में 139 जगहों पर बड़ी आग लगी।

वहीं 1 नवम्बर, 2023 से 2024 में बड़ी आग की घटनाओं में टॉप फाइव राज्यों में आंध्र प्रदेश में 860, मध्य प्रदेश में 719, तेलंगाना 688, महाराष्ट्र में 547 और छत्तीसगढ़ में 527 बार आग लगी, जबकि वर्ष 2022-2023 में तो पूरे देश के वनों में 12562 आग की घटनाएं हुई। जंगल की आग से वनों का क्षरण तो होता ही है बहुमूल्य वन संपदा और कार्बन भी नष्ट हो जाते हैं। वनों का पारिस्थितिकी तंत्र भी प्रभावित होता है। यह देखा गया है फॉरेस्ट सर्वे ऑफ इंडिया के अनुसार जंगल की आग को मॉनिटर करने के लिए भारत में 2004 से शुरू सेटेलाइट की रिमोट सेंसिंग मोडिस अर्थात मॉडरेट रेजोल्यूशन इमेजिंग स्पेक्ट्रो रेडियोमीटर सेंसर और 2017 से भारतीय सेटेलाइट से सम्पूर्ण भारत में एसएनपीपी-वीआईआईआरएस अर्थात सुओमी-नेशनल पोलर आर्बिटिंग पार्टनरशिप-विजिबल इंफ्रारेड इमेजिंग रेडियोमीटर सूट के साथ जीआईएस टूल्स की मदद से वनों की आग को मॉनिटर किया जा रहा है। देश का कुल 32,87,469 वर्ग किलोमीटर भौगोलिक क्षेत्र है।

नवीनतम आईएसएफआर 2021 के अनुसार देश का कुल 7,13,789 वर्ग किलोमीटर वन आवरण है। जो देश के भौगोलिक क्षेत्र का 21.71 प्रतिशत है। वन सर्वे ऑफ इंडिया का अनुमान है कि देश में 36 प्रतिशत से अधिक वन क्षेत्र में बार-बार आग लगती रहती है। देश के करीब 4 प्रतिशत वन क्षेत्र में अधिक तो 6 प्रतिशत भाग में सबसे अधिक खतरा पाया गया है। ग्लोबल फॉरेस्ट वाच के अनुसार विश्व स्तर पर आग से वर्ष 2001 से 2022 के बीच 126 मिलियन हेक्टेयर वनों का नुकसान हुआ। इनमें वर्ष 2016 ऐसा वर्ष रहा जिसमें आग से सबसे अधिक 9.63 मिलियन हेक्टेयर वन आवरण का नुकसान हुआ। पिछले कुछ दशकों में आग की घटनाओं को देखें तो 2001 से 2022 के बीच भारत में आग की घटनाओं से 35.9 हेक्टेयर वृक्ष आवरण को नुकसान और 2.15 मेगा हेक्टेयर वृक्ष आवरण का नुकसान अन्य कारणों से हुआ। इसमें भी 2008 में आग से सबसे अधिक कुल 3.5 प्रतिशत वृक्ष आवरण का नुकसान हुआ।



**नवीनतम आईएसएफआर 2021 के अनुसार देश का कुल 7,13,789 वर्ग किलोमीटर वन आवरण है। जो देश के भौगोलिक क्षेत्र का 21.71 प्रतिशत है। वन सर्वे ऑफ इंडिया का अनुमान है कि देश में 36 प्रतिशत से अधिक वन क्षेत्र में बार-बार आग लगती रहती है। देश के करीब 4 प्रतिशत वन क्षेत्र में अधिक तो 6 प्रतिशत भाग में सबसे अधिक खतरा पाया गया है।**

अगर 12 अप्रैल 2021 से 8 अप्रैल 2024 के बीच आज की घटनाओं की बात की जाए तो 5,29,248 ड्ढद्धद्धक्रस् के माध्यम से बड़ी आज की घटनाएं रिपोर्ट की गई है। संयुक्त राष्ट्र के अनुसार विश्व में हर वर्ष करीब 7 करोड़ हेक्टेयर वन क्षेत्र आग लगने की घटनाओं से प्रभावित होता है। इससे बड़े स्तर पर पर्यावरणीय और आर्थिक क्षति होती है। ग्लोबल फॉरेस्ट वॉच के अनुसार विश्व में सन 2010 में 3.92 गीगा हेक्टेयर वृक्ष आवरण था जो पृथ्वी के 30 प्रतिशत से अधिक भू-भाग में फैला हुआ था, लेकिन 2023 में विभिन्न कारणों से 28.3 मिलियन हेक्टेयर वृक्ष आवरण कम हो गया। सन 2001 से 2023 तक वैश्विक स्तर पर 488 मिलियन हेक्टेयर वृक्ष आवरण की हानि हुई जो 2000 के बाद से वृक्ष आवरण में 12 प्रतिशत की कमी के बराबर है, जबकि सन 2002 से 2023 के बीच कुल 76.3 मिलियन हेक्टेयर आद्र प्राथमिक वन कम हो गया।

भारत की बात करें तो सन 2010 में 31.3 मिलियन हेक्टर प्राकृतिक वन थे जो कि इसकी कुल भूमि का 11 फीसद था, लेकिन वर्ष 2023 में 134 किलो हेक्टेयर आद्र प्राकृतिक वन की हानि हो गई। वर्ष 2002 से 2023 के बीच भारत में 414 हेक्टेयर आद्र प्राथमिक वन खो दिए। इस तरह भारत में कुल 4.1 प्रतिशत वन क्षेत्रफल कम हो गया। जिसमें 2016 और 2017 में अधिक हानि हुई। वनों में आग लगने से बड़े पैमाने पर मानवीय, पर्यावरण और आर्थिक हानि होती है।

# पहले ई-रिक्शा पर बिठाते, फिर लूटपाट को देते थे अंजाम

## सवारियों को लूटने वाले गैंग का पदार्फाश, ठाकुरगंज पुलिस की गिरफ्त में तीन लुटेरे

**जनता कनेक्शन**

लखनऊ। राजधानी कमिश्नरेट पुलिस के पक्षिमी जोन की थाना ठाकुरगंज पुलिस को तीन शातिर लुटेरों को गिरफ्तार करने में कामियाबी मिली है। जहां ऑटो ई-रिक्शा में सवारियों को भरकर तीनो लुटेरे सुनसान इलाकों में सवारियों को ले जाकर मारपीट करते हुए उनसे लूट की वारदात को अंजाम देते थे। लगातार लूट की घटनाओं की सूचना मिलने पर डीसीपी पश्चिम जोन ने लुटेरों की गिरफ्तारी और घटना के खुलासे के लिए कई टीमों का गठन किया और मामले के खुलासे को लेकर जांच में जुटी पुलिस ने तीन तीन शातिर लुटेरों को गिरफ्तार करने में कामियाबी हासिल की है।

एक अप्रैल को पंपिंग स्टेशन बंधा रोड के पास थाना ठाकुरगंज क्षेत्र से लगातार ऑटो ई-रिक्शा सवारियों को सुनसान रास्ते पर ले जाकर उनके साथ मारपीट कर लूटपाट करने वाले तीन लुटेरों को गिरफ्तार करने में कामियाबी हासिल की है। तीनो लुटेरे क्रमश- जितेन्द्र कुमार गुप्ता (29) उर्फ जीतू पुत्र रामलाल गुप्ता निवासी ग्राम व थाना मोहब्बतपुर पाइंसा जिला कौशाम्बी,हर्ष सोनकर(19) पुत्र स्व विनोद सोनकर निवासी थाना वजीरगंज, प्रिन्स सोनकर(20) पुत्र स्व लाला राम सोनकर निवासी कैसरबाग को गिरफ्तार किया गया है।



इसके पास से लूट का सामान भी पुलिस ने बरामद किया है।इस गैग का सरगना जीतु उर्फ जितेन्द्र जनपद कौशांबी का रहने वाला है।

डीसीपी पश्चिम जोन डॉ दुर्गेश कुमार ने घटना के खुलासे के बारे में बताया कि 27 और 28 अप्रैल को पीड़ित अभिषेक कुमार चौहान ने चारबाग रेलवे स्टेशन से घर जाने के लिये ई-रिक्शा टेम्पो मे बैठ गया तभी तीनों लुटेरों द्वारा उन्हे गुलाला घाट के पास अंधेरे मे ले जाकर मारपीट कर मोबाइल फोन,रुपये व बैग लूट लिये गये थे। जिसके बाद पीड़ित की तहरीरी के आधार पर थाना ठाकुरगंज में मुकदमा दर्ज करते हुए घटना के खुलासे को लेकर कई टीमों का गठन किया गया था। जिसके बाद जांच में जुटी पुलिस ने गिरोह के सरगना जीतू उर्फ जितेन्द्र जो की जनपद कौशांबी का रहने वाला है। उसे गिरफ्तार किया गया और पूछताछ के दौरान उसने अपने अन्य साथियों की जानकारी पुलिस को दी। जिसके बाद पुलिस ने तीनों लुटेरों को गिरफ्तार करते हुए लूट का माल भी बरामद कर लिया पूछताछ के दौरान गिरोह के सरगना जीतू उर्फ जितेन्द्र जो की जनपद कौशांबी का रहने वाला है उसने लखनऊ में ई-रिक्शा के चालक हर्ष व उसके चचेरे भाई प्रिंस को अपने गिरोह में शामिल कर रात्रि के समय जनपद के विभिन्न रेलवे स्टेशन व बस स्टैन्ड पर बाहर से आने वाले यात्रियो को योजनाबद्ध तरीके से ई-रिक्शा में बैठाता था। इसका अन्य एक साथी पहले से ही सवारी बन बैग लटकाकर ई-रिक्शा मे बैठा रहता था। जिससे की ई-रिक्शा पर बैठने वाले सवारी को शक न हो। थोड़ी दूर जाने के बाद फोन करने पर अन्य साथी उसी ई-रिक्शा में बैठ जाते थे। जिसके बाद ई-रिक्शा चालक उक्त ई-रिक्शा को गुलाला घाट, कुडिया घाट, मेंहदी घाट थाना क्षेत्र ठाकुरगंज व अन्य सुनसान मार्गों की ओर ले जाकर सवारी के साथ मारपीट कर व चाकू लगाकर लूटपाट करते थे और जनपद लखनऊ छोड़कर भाग जाते थे। थाना ठाकुरगंज की पुलिस टीम के अथक प्रयास से उक्त गिरोह के कुल तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया।

# धर्मेंद्र-हेमा मालिनी की 44वीं शादी सालगिरह पर बेटी ईशा देओल ने दी बधाई

**ईशा देओल ने अपने माता-पिता एक अनदेखी तस्वीर उन्होंने साझा की,**



मुंबई, बॉलीवुड अभिनेत्री ईशा देओल ने अपने माता-पिता हेमा मालिनी-धर्मेंद्र की 44वीं शादी की सालगिरह पर एक प्यारी सी तस्वीर शेयर करते हुए उन्हें बधाई दी है।

बॉलीवुड की सदाबहार गोल्डन जोड़ी, हेमा मालिनी और धर्मेंद्र की शादी को आज 44 साल पूरे हो गए हैं। शादी के इस खास मौके को उनकी बेटी ईशा देओल ने और भी खास बना दिया है। ईशा देओल ने इंस्टाग्राम पर एक दिल छू लेने वाली अनदेखी तस्वीर साझा कर उन्हें इस खास दिन के लिये अपने माता-पिता को बधाईयां दी है। ईशा देओल ने अपने माता-पिता एक अनदेखी तस्वीर उन्होंने साझा की, जिसमें हेमा मालिनी प्यार और खुशी में धर्मेंद्र के कंधे पर प्यार से झुकी हुई हैं। धर्मेंद्र ग्रीन कलर की शर्ट में नजर आ रहे हैं। वहीं, हेमा मालिनी फ्लॉवर प्रिंट आउटफिट पहने दिख रही हैं।इस तस्वीर के साथ उन्होंने कैप्शन लिखा,मेरे पापा और मां को सालगिरह की शुभकामनाएं। मैं आपसे बहुत प्यार करती हूं और मैं बस आपको गले लगाना चाहती हूं। उल्लेखनीय है कि हेमा और धर्मेंद्र दोनों ने 02 मई 1980 को शादी की थी। धर्मेंद्र की ये दूसरी शादी थी। इस शादी के लिए उन्होंने अपना धर्म तक बदल लिया था।हेमा मालिनी और धर्मेंद्र ने कई चर्चित फिल्मों में काम किया। धर्मेन्द्र-हेमा की जोड़ी सबसे पहले वर्ष 1970 में प्रदर्शित फिल्म शराफत से चर्चा में आई। वर्ष 1975 में प्रदर्शित फिल्म शोले में धर्मेन्द्र ने वीरू और हेमामालिनी ने बसंती की भूमिका में दर्शकों का भरपूर मनोंरजन किया।हेमा और धमेन्द्र की यह जोड़ी इतनी अधिक पसंद की गई कि धर्मेन्द्र की रील लाइफ की ड्रीम गर्ल, हेमामालिनी बाद मे उनके रीयल लाइफ की ड्रीम गर्ल बन गईं। इस जोड़ी ने ड्रीम गर्ल,चरस, आसपास, प्रतिज्ञा, राजा जानी, रजिया सुल्तान,अली बाबा चालीस चोर,बगावत ,आतंक,द बर्निंग ट्रेन ,दोस्त आदि फिल्मों में एक



साथ काम किया।ऑन स्क्रीन ही नहीं, ऑफ स्क्रीन भी दोनों की जोड़ी को खूब पसंद किया गया।

धर्मेन्द्र-हेमा लव स्टोरी भी काफी फिल्मी है। दोनों की मुलाकात वर्ष 1965 में ख्वाजा अहमद अब्बास(के.ए अब्बास) की फिल्म 'आसमान महल' के प्रीमियर के दौरान हुई थी। इस दौरान ही धर्मेंद्र ने हेमा को पहली बार देखा और उन पर अपना दिल हार बैठे। उस वक्त धर्मेंद्र ने हेमा को देखकर पंजाबी में कहा था, %कुड़ी बड़ी चंगी है।% हालांकि, हेमा ने कुछ प्रतिक्रिया नहीं दी और बस यह सुनकर आगे बढ़ गई थीं।हेमा मालिनी को फिल्म %प्रतिज्ञा% की शूटिंग के दौरान धर्मेंद्र से प्यार हुआ था। धर्मेंद्र और हेमा ने शादी रचाई।



# एफआईएच प्रो लीग के लिए 24 सदस्यीय महिला टीम की घोषणा की



नयी दिल्ली, 02 मई (वार्ता) हॉकी इंडिया ने गुरुवार को बेल्जियम में 22 से 26 मई तक होने वाली एफआईएच प्रो लीग 2023-24 चरण के लिए 24 सदस्यीय भारतीय महिला हॉकी टीम की घोषणा कर दी है। एफआईएच प्रो लीग 2023-24 का बेल्जियम चरण 22 से 26 मई तक चलेगा, जबकि इंग्लैंड चरण एक जून को शुरू होगा और नौ जून को समाप्त होगा। भारत 22 मई को सलीमा टेटे की अगुवाई में अर्जेंटीना के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करते हुए दोनों चरणों में अर्जेंटीना, बेल्जियम, स्पेन, इंग्लैंड और जर्मनी के खिलाफ दो-दो मैच खेलेगा। भारत फिलहाल आठ मैचों में आठ अंक लेकर छठे स्थान पर है। इस बीच, मिडफील्डर नवनीत कौर उपकप्तान बनाया गया। गोलकीपिंग की जिम्मेदारी सविता और बिचू देवी खारीबाम पर होगी, जबकि रक्षात्मक पंक्ति में निक्की प्रधान, उदिता, इशिका चौधरी, मोनिका, ज्योति छत्री और महिमा चौधरी शामिल हैं।मिडफील्ड - सलीमा टेटे, वैष्णवी विट्ठल फाल्के, नवनीत कौर, नेहा, ज्योति, बलजीत कौर, मनीषा चौहान और लालरेम्सियामी जैसे गतिशील खिलाड़ियों द्वारा किया जाएगा। फॉरवर्ड पंक्ति में मुमताज खान, संगीता कुमारी, दीपिका, शर्मिला देवी, प्रीति दुबे, वंदना कटारिया, सुनेलिता टोप्पो और दीपिका सोरेंग हैं। टीम चयन और कप्तान नियुक्त किए जाने पर सलीमा टेटे ने कहा, मुझे खुशी है कि मुझे टीम की अगुवाई के लिए नियुक्त किया गया है। यह एक बड़ी जिम्मेदारी है और मैं इस नई भूमिका का इंतजार कर रही हूं। हमारे पास एक मजबूत टीम है और इसमें अनुभवी और युवा खिलाड़ियों का मिश्रण है। एफआईएच हॉकी प्रो लीग 2023-2024 के आगामी बेल्जियम और इंग्लैंड चरणों में, हम अपना जानदार प्रदर्शन आगे बढ़ाना चाहते हैं। हम शिविर में कड़ा प्रशिक्षण ले रहे हैं। हमने उन क्षेत्रों पर काम किया है जहां हमें सुधार की जरूरत थी। मुझे यकीन है कि हम अच्छा प्रदर्शन करेंगे और मन मुताबिक नतीजे हासिल करेंगे। उप-कप्तान नवनीत कौर ने कहा, भारतीय महिला हॉकी टीम के उप-कप्तान के रूप में नामित होने पर विश्वास हीं नहीं हो रहा है। मैं एफआईएच हॉकी प्रो लीग 2023-24 में इस टीम के साथ जुड़ने के लिए काफी उत्साहित हूं, जहां हम गुणवत्तापूर्ण टीमों से खेलेंगे।

हमारे पास एक अच्छी टीम है और हमें विश्वास है कि हम प्रो लीग के यूरोप चरण में अच्छा प्रदर्शन करेंगे। मैं भी अपने खेल पर काम करना और सुधार करना चाहती हूं। एसएआई, बेंगलुरु में हमारा एक शिविर हुआ था जहां हमने बेहतरीन प्रशिक्षण लिया और मैं आगामी खेलों का इंतजार कर रही हूं।

**भारतीय महिला हॉकी टीम**

गोलकीपर- सविता, बिच्छू देवी खारिबाम

डिफेंडर- निक्की प्रधान, उदिता, इशिका चौधरी, मोनिका, ज्योति छत्री, महिमा चौधरी मिडफील्डर- सलीमा टेटे (कप्तान), वैष्णवी विट्ठल फाल्के, नवनीत कौर (उपकप्तान), नेहा, ज्योति, बलजीत कौर,

**मनीषा चौहान, लालरेम्सियामी,**

फॉवर्ड-मुमताज खान, संगीता कुमारी, दीपिका, शर्मिला देवी, प्रीति दुबे, वंदना कटारिया, सुनेलिता टोप्पो और दीपिका सोरेंग।

# सीवीएस ने जाकिर हुसैन कॉलेज को छह विकेट से हराया



नयी दिल्ली। प्रथम गोसाईं के नाबाद अर्धशतक की बदौलत सीवीएस कॉलेज ने द्वितीय स्वामी दयानंद सरस्वती डे-नाइट टी-20 इंटर कॉलेज क्रिकेट टूर्नामेंट के लीग मैच में जाकिर हुसैन कॉलेज को छह विकेट से पराजित किया। जाकिर हुसैन कॉलेज टीम टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए हार्दिक (35) और शौर्य सूद (28) रनों की मदद से निर्धारित 20 ओवर में 125 रन पर सिमट गई। सीवीएस कॉलेज के सुमित अरोड़ा ने तीन विकेट लिये। तुषार और आर्यन ने दो-दो विकेट झटके। इसके बाद सीवीएस कॉलेज ने 13.1 ओवर में चार विकेट पर 126 रन बनाकर छह विकेट से मैच जीत लिया। सीवीएस की ओर से प्रथम गोसाईं ने 27 गेंदों में सर्वाधिक नाबाद (50) और यश मक्कड़ ने (21) रन बनाये। जाकिर हुसैन कॉलेज के अंशु कौशिक को दो विकेट मिले। सी.वी.एस. कॉलेज के प्रथम गोसाईं को प्लेयर ऑफ द मैच से नवाजा गया।

# पाकिस्तान ने संयुक्त राष्ट्र से की फिलिस्तीन को पूर्ण सदस्यता देने की मांग

संयुक्त राष्ट्र। संयुक्त राष्ट्र में पाकिस्तान के राजदूत मुनीर अकरम ने सुरक्षा परिषद से विश्व की बहुसंख्यक आबादी की राय के अनुरूप संयुक्त राष्ट्र की पूर्ण सदस्यता के लिए फिलिस्तीन के आवेदन पर पुनर्विचार करने और उसका समर्थन करने की पुरजोर वकालत की है। पाकिस्तानी संयुक्त राष्ट्र मिशन ने एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि यह कदम फिलिस्तीनी लोगों के खिलाफ ऐतिहासिक अन्याय में सुधार करेगा और द्विराष्ट्र समाधान की स्थापना का मार्ग प्रशस्त करेगा। अमेरिका ने 18 अप्रैल को परिषद की एक बैठक के दौरान उस मसौदा प्रस्ताव पर वीटो किया, जिसमें सिफारिश की गयी थी कि महासभा फिलिस्तीन को पूर्ण संयुक्त राष्ट्र सदस्यता की अनुमति देने के लिए मतदान करवाये। वर्ष 2022 की पहल, संकल्प 76/262 के मुताबिक यदि सुरक्षा परिषद में इसके स्थायी सदस्यों -चीन, फ्रांस, रूस, ब्रिटेन और अमेरिका में से किसी एक द्वारा वीटो का उपयोग किया जाता है तो संयुक्त राष्ट्र महासभा को 10 दिन के भीतर बैठक करनी होगी। फिलिस्तीन का संयुक्त राष्ट्र का पूर्ण सदस्य बनने का हालिया प्रयास बुधवार को महासभा में चर्चा का केंद्र बिंदु था। श्री अकरम ने संयुक्त राष्ट्र महासभा में अपने संबोधन में इजरायल और फिलिस्तीन के बीच व्यवहार में असमानता की ओर इशारा किया और कहा कि 1947 में विभाजित देशों में से एक इजरायल अब संयुक्त राष्ट्र का सदस्य है लेकिन सदस्यता के लिए सभी मानदंड पूरा करने के बावजूद फिलिस्तीन को सदस्यता से वंचित किया जा रहा है।

# भाजपा प्रत्याशी साध्वी निरंजन ज्योति ने किया नामांकन

जनता कनेक्शन

फतेहपुर। लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 हेतु 49 संसदीय निर्वाचन क्षेत्र फतेहपुर में कुल 06 नामांकन हुए जिसमें भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार साध्वी निरंजन ज्योति शिष्या अच्युतानन्द निवासी 161 रमेडी जेल तालाब रोड हमीरपुर ने 01 सेट में नाम निर्देशन पत्र का फार्म दाखिल किया। भारतीय शक्ति चेतना पार्टी के उम्मीदवार रामबिहारी पुत्र रामबली शुक्ला, निवासी 240 बाजार दक्षिणी 4 कस्बा व तहसील बिंदकी फतेहपुर ने 01 सेट में नाम निर्देशन पत्र का फार्म दाखिल किया। बहुजन समाज पार्टी के उम्मीदवार मनीष सिंह सचान पुत्र संतशरण, निवासी 1220 किदवई नगर पुखरायां नगर पालिका परिषद तहसील भोगनीपुर जिला कानपुर देहात ने 01 सेट में नाम निर्देशन पत्र का फार्म दाखिल किया।

निर्दलीय के उम्मीदवार बीरेंद्र सिंह पुत्र मातादीन, निवासी 339/340 आवास विकास कालोनी फतेहपुर ने 01 सेट में नाम निर्देशन पत्र का फार्म दाखिल किया। सरदार पटेल सिद्धांत पार्टी के उम्मीदवार राजेश कुमार पटेल पुत्र जोखूराम, निवासीदृग्राम नेवादा पोस्ट बहुता तहसील पट्टी, जनपद प्रतापगढ़ ने 01 सेट में नाम निर्देशन पत्र का फार्म दाखिल किया। परिवर्तन समाज पार्टी के उम्मीदवार कमलेश कुमार सिंह पुत्र स्व0 राजबहादुर सिंह, निवासी 277बी/2 कंधईपुर धूमनगंज प्रयागराज ने 02 सेट में नाम निर्देशन पत्र का फार्म दाखिल किया। साथ ही पूर्वाह्न 11 बजे से अपराह्न 03 बजे तक आज 06 अभ्यर्थियों ने नाम निर्देशन पत्र का फार्म प्राप्त किए। निर्दलीय के उम्मीदवार पंकज अवस्थी पुत्र ओमप्रकाश अवस्थी, निवासी एम0आई0जी0 68 ब्लॉक गुजैनी उद्योग नगर कानपुर ने स्वयं 01 सेट में नाम निर्देशन पत्र का फार्म प्राप्त किया। निर्दलीय के उम्मीदवार ओमप्रकाश सिंह पुत्र भारत प्रसाद, निवासी 147 कृष्ण बिहारी नगर ने स्वयं 03 सेट में नाम निर्देशन पत्र का फार्म प्राप्त किया। निर्दलीय के उम्मीदवार सुशील कुमार पुत्र भोला सिंह, निवासी घोसिन का पुरवा मजरे खरगूपुर बरगला फतेहपुर ने स्वयं 01 सेट में नाम निर्देशन पत्र का फार्म प्राप्त किया। निर्दलीय के उम्मीदवार सावित्री देवी पत्नी भोला, निवासी घोसिन का पुरवा खरगूपुर बरगला के लिए कृष्ण कुमार सिंह पुत्र राजबहादुर सिंह निवासी ग्राम सेनीपुर, पोस्ट सनगांव ने 01 सेट में नाम निर्देशन पत्र का फार्म प्राप्त किया। बहुजन समाज पार्टी के उम्मीदवार मनीष सिंह सचान पुत्र संतराम, निवासी पुखराया किदवई नगर कानपुर देहात के लिए संजय कुमार सचान पुत्र रामप्रकाश सचान, निवासी पप्पी का हाता हरिहरगंज ने दोबारा 01 सेट में नाम निर्देशन पत्र का फार्म प्राप्त किया। भारतीय शक्ति चेतना पार्टी के उम्मीदवार रामबिहारी पुत्र स्व0 रामबली, निवासी स्टेट बैंक नई गली ललौली रोड फतेहपुर ने दोबारा 01 सेट में नाम निर्देशन पत्र का फार्म प्राप्त किया।



## बाबा साहेब के संविधान का अपमान करना चाहती है सपा और कांग्रेस




एटा। बाबा साहब भीमराव अंबेडकर देश में धर्म के आधार पर आरक्षण के खिलाफ थे, लेकिन कांग्रेस जानबूझकर देश का इस्लामीकरण करने की नीयत से तालिबानी शासन लागू करना चाहती है। वह इसके जरिये देश को फिर से विभाजन की ओर धकेलने का कुत्सित प्रयास कर रही है। ऐसे में आप कांग्रेस और सपा के गठबंधन से सावधान हो जाइए। ये लोग पिछड़ी जाति और अनुसूचित जाति के आरक्षण में से मुसलमानों को आरक्षण देना चाहते हैं, जो बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के संविधान का अपमान है। यह वही कांग्रेस है जो कहती थी कि राम हुए ही नहीं जबकि हम कहते थे कि रामलला हम आएंगे, मंदिर वहीं बनाएंगे। इसे हमने करके भी दिखाया है। वहीं सपा कहती थी कि अयोध्या में परिंदा भी पर नहीं मार सकता है, लेकिन श्रद्धेय कल्याण सिंह के त्याग, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व और आप सभी के आशीर्वाद से अयोध्या में रामलला का भव्य मंदिर बनकर तैयार हो गया है। यही नहीं देश में पहली बार देश की राष्ट्रपति ने राम मंदिर में रामलला के दर्शन किये। ये बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को एटा में जनसभा को संबोधित करते हुए कही है। इस दौरान उन्होंने बीजेपी के लोकसभा प्रत्याशी राजवीर सिंह राजू भइया के पक्ष में वोट की अपील की।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आपके सामने भगवान राम के प्रति द्रोह करने वाले और राम भक्तों की टोली दोनों है। ऐसे में निर्णय आपको करना है कि सपा और कांग्रेस आपके वोट के लायक हैं या नहीं। इन्होंने श्रद्धेय कल्याण सिंह का अपमान किया। समाजवादी पार्टी ने उनकी मृत्यु पर संवेदना के दो शब्द भी नहीं व्यक्त किये। प्रदेश में समाजवादी पार्टी के समय में राजू पाल और उमेश पाल की हत्या हुई थी, आज वह मिट्टी में मिल गये हैं। सीएम योगी ने कहा कि केवल भारतीय जनता पार्टी ही आपके हितों के लिए संवेदनशील तरीके से कार्य कर रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में दुनिया में भारत का सम्मान बढ़ा है। इसके साथ ही आज देश पूरी तरह से सुरक्षित है। देश में आतंकवाद और नक्सलवाद नियंत्रित है। देश में विकास के लिए जो काम हुए हैं, वह आत्मनिर्भर और विकसित भारत की नींव रखेंगे। कांग्रेस और सपा आरक्षण में सेंध लगाना चाहती है। इतना ही नहीं वह अल्पसंख्यकों को उनकी रुचि के अनुरूप खान-पान की स्वतंत्रता भी देने की बात कह रही है। ऐसे में कांग्रेस को भी यह बताना चाहिये कि ऐसा कौन का भोजन है जो बहुसंख्यकों से इतर है। वह तो एक ही हो सकता है गौ मांस क्योंकि हिंदू इसी का विरोध और परहेज करता है। प्रदेश में गौ हत्या पर प्रतिबंध है, लेकिन कांग्रेस और सपा गौ हत्या को वैध करना चाहती है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि श्रद्धेय कल्याण सिंह ने अपना पूरा जीवन प्रदेश के विकास के लिये दिया। उन्होंने राम जन्मभूमि के लिए अपनी कुर्सी तक ठुकरा दी। आज उनका सपना साकार हुआ है।

## वोटरों को परेशान किया तो होगा आन्दोलन : रहमान बर्क

जनता कनेक्शन



संभल। सपा प्रत्याशी जिया उर रहमान बर्क ने मतदान से पूर्व पुलिस प्रशासन को चेतावनी दी है. उनका कहना है कि अगर मतदान के दिन उनके वोटरों को वोट डालने के लिए परेशान किया गया तो वह खुलकर धरना प्रदर्शन करेंगे. आंदोलन को लेकर बाध्य होंगे.उन्होंने भाजपा नेता की वायरल वीडियो पर चुनाव आयोग से संज्ञान लेने तथा भाजपा प्रत्याशी सहित बीजेपी के नेताओं के खिलाफ कार्रवाई करते हुए गिरफ्तार करने की मांग की है.संभल लोकसभा सीट से सपा प्रत्याशी जिया उर रहमान बर्क ने भाजपा नेता द्वारा मतदान वाले दिन विपक्षियों के अधिक वोट पड़ने पर हंगामा करने वाले वायरल वीडियो पर तीखी प्रतिक्रिया दी है.।

गुरुवार को सदर विधायक इकबाल महमूद के आवास पर पत्रकार वार्ता में कहा कि भारतीय जनता पार्टी इस तरह की साजिश करने का काम करती है. वह जहां कहीं भी जा रहे हैं लोगों को यही समझाने का प्रयास कर रहे हैं.उन्होंने आरोप लगाया कि लोकसभा चुनाव शुरू होने से पहले भाजपा ने साजिश के तहत अपने लोगों के वोट बढ़ाने का काम किया लेकिन, समाजवादी पार्टी के लोगों के वोट कटवाए. अब यह साजिश रच रहे हैं और उनकी मानसिकता यह है कि पूरी तरह से समाजवादी पार्टी के वोटों को रोकें. जहां पर सपा के मजबूत वोट हैं, वहां पर हंगामा कर रहे हैं. उन्होंने कहा कि वह चुनाव आयोग से कहना चाहेंगे कि समाजवादी पार्टी और विपक्ष के लोग जरा सी बात कह देते हैं तो उन पर मुकदमा दर्ज हो जाता है जबकि यहां सिर्फ एक शख्स को गिरफ्तार किया गया है.यह यहीं तक सीमित नहीं है बल्कि यह बहुत लंबी चेन है और इसके अंदर बीजेपी के प्रत्याशी और बीजेपी के बड़े-बड़े नेता शामिल हैं. इसमें उन सभी के खिलाफ मुकदमा दर्ज होना चाहिए और कार्रवाई होनी चाहिए.उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग पर यह बड़ा सवालिया निशान है. संभल सहित मुरादाबाद मंडल और चुनाव आयोग को नसीहत देते हुए कहा कि वह संविधान के तहत काम करना चाहते हैं, बेईमानी से चुनाव नहीं लड़ना चाहते हैं, बल्कि उन्हें उनका हक मिलना चाहिए इंसाफ मिलना चाहिए.बीजेपी के लोग जिस तरह से वीडियो में बात कह रहे हैं, ऐसे मामले का पर्दाफाश होना चाहिए और जो जो साजिश में शामिल हैं उनकी गिरफ्तारी होनी चाहिए. उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग सुनिश्चित करें कि संभल लोकसभा क्षेत्र में आने वाले चुनाव में किसी प्रकार की कोई गड़बड़ी न हो और कोई बेईमानी नहीं हो यही नहीं हमारे लोगों को वोट करने से नहीं रोका जाए.अगर ऐसा होगा तो यह संविधान की धज्जियां उड़ाने जैसा होगा. इसे वह कतई बर्दाश्त नहीं करेंगे. वहीं उन्होंने पुलिस प्रशासन से कहा है कि मतदान वाले दिन उनके वोटरों को किसी प्रकार की परेशानी नहीं होनी चाहिए. अगर कोई परेशानी होगी तो वह उसी दिन खुलकर धरना प्रदर्शन करने और आंदोलन करेंगे.सपा लोकसभा प्रत्याशी जिया उर रहमान बर्क गुरुवार को सदर विधायक इकबाल महमूद के आवास पर पुराने गिले शिकवे दूर करने पहुंचे थे. दोनों ही परिवारों के मध्य करीब 5 दशक से राजनीतिक प्रतिद्वंद्विता चली आ रही है जिसे खत्म करने के लिए जिया उर रहमान बर्क ने सपा विधायक इकबाल महमूद से उनके आवास पर पहुंचकर हाथ मिलाया और गले मिलकर सारे गिले शिकवे दूर किए.।

## बुंदेली समाज ने मजदूरों को किया सम्मानित, काम की तलाश में रोज आते हैं आल्हा चौक

महोबा। अंतर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस पर बुधवार को बुंदेली समाज ने आल्हा चौक पहुंचकर काम की तलाश में विभिन्न गांवों से आये मजदूरों को माला पहनाकर सम्मानित किया एवं मिष्ठान वितरित की। साथ ही ईश्वर से उनकी खुशहाली के लिए प्रार्थना की।

बुंदेली समाज के संयोजक तारा पाटकर बुंदेलखंडी ने बताया कि आल्हा चौक में रोज सुबह काम की तलाश में सैकड़ों मजदूर विभिन्न ग्रामीण इलाकों से आते हैं। इन मजदूरों में महिलाओं की संख्या भी अच्छी खासी होती है। काफी मजदूर तो मध्यप्रदेश के छतरपुर जिले व कुलपहाड़, चरखारी तहसीलों से भी काम की तलाश में यहां आते हैं। श्रमिक दिवस पर आज हमने बुजुर्ग मजदूर रामदास, दुलीचंद, श्रीप्रकाश, राम स्वरूप, राजू अहिरवार, छोटे लाल, बाबू, केशव कुशवाहा, राजेन्द्र, धर्मेंद्र व इस्माइल समेत 11 मजदूरों का सम्मान किया। ज्यादातर मजदूरों की शिकायत थी कि उनके श्रम कार्ड बने हुए हैं लेकिन उनको सरकारी योजनाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा है। श्रीनगर निवासी धर्मेंद्र ने कहा कि आवेदन करने के बावजूद भी उनको अब तक प्रधानमंत्री आवास के लिए पैसा नहीं मिला लेकिन सरकार की तरफ से मुफ्त राशन मिलने की बात सबने स्वीकार की। तारा पाटकर ने बताया कि ज्यादातर मजदूरों को नहीं पता था कि आज मजदूर दिवस है और इसे क्यों मनाया जाता है। सम्मान पाकर वे लोग बहुत खुश हुए।

इस मौके पर गया प्रसाद कोस्टा, अमर चंद विश्वकर्मा व प्रेम चौरसिया समेत तमाम लोग मौजूद रहे।

## भाजपा का पिछड़ा वर्ग सम्मेलन 3 मई को दिबियापुर में होगा, जलशक्ति राज्यमंत्री होंगे मुख्य वक्ता

औरैया। इटावा लोकसभा क्षेत्र के दिबियापुर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत दिबियापुर के कमला लॉज में आगामी 3 मई को इटावा लोकसभा का पिछड़ा वर्ग सम्मेलन होगा ,सम्मेलन में मुख्य वक्ता के रूप में उप्र सरकार के जल शक्ति राज्यमंत्री रामकेश निषाद सहित आदि विभिन्न जनप्रतिनिधि, पदाधिकारी मौजूद रहेंगे,जिसकी तैयारिया पूरी कर ली गई है । सम्मेलन के आयोजक पिछड़ा मोर्चा जिलाध्यक्ष माधव सिंह राजपूत ने पार्टी के सम्मानित पदाधिकारी ,मोर्चा प्रकोष्ठ प्रकल्प, मंडल अध्यक्ष, मंडल के पदाधिकारी से अपील कर लोकसभा के प्रत्याशी डॉक्टर रामशंकर कठेरिया जी के समर्थन में पिछड़ा वर्ग सम्मेलन में आगामी 3 मई को दोपहर 2 बजे कमला मैरिज होम दिबियापुर में पहुंचकर सम्मेलन को सफल बनाएं।

## पाक्सो एक्ट के वांछित अभियुक्त को पुलिस टीम ने किया गिरफ्तार

महोबा । पुलिस अधीक्षक अपर्णा गुप्ता के निर्देशन में जनपद में अपराध की रोकथाम एवं अपराधिक घटनाओं को कारित करने वाले अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान में गुरुवार को सत्यम अपर पुलिस अधीक्षक व क्षेत्राधिकारी नगर दीपक दुबे के निकट पर्यवेक्षण में कोतवाली प्रभारी निरीक्षक नरेन्द्र प्रताप सिंह के नेतृत्व में गठित टीम में उ0नि0 मनोज कुमार बाजपेयी के द्वारा देखभाल क्षेत्र, रोकथाम जुर्म जरायम व शान्ति व्यवस्था, तलाश वाँछित वारण्टी, चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति के दौरान थाना स्थानीय पर पंजीकृत अभियोग धारा 354, 504, 506 भादवि व 7/8 पाक्सो एक्ट से सम्बन्धित अभियुक्त चक्रेश खंगार पुत्र स्व0 अशोक उम्र करीब 23 वर्ष निवासी ग्राम बिलवई थाना कोतवाली नगर को रोडबेज बस अड्डा के दुकान के पास से गिरफ्तार किया गया तथा नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही कर न्यायालय के समक्ष पेश करने हेतु भेजा गया ।



## जनता फिर से मोदी सरकार लाने के लिए है

फिरोजाबाद। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि अयोध्या में राम मंदिर, काशी में काशी विश्वनाथ धाम का निर्माण हो गया। सैकड़ों वर्ष से हम कहते आए हैं कि मथुरा में जितनी भी भूमि है, वह भगवान कृष्ण की है। एक तरफ मोदी जी के नेतृत्व में विरासत और आस्था का सम्मान करने वाली भाजपा सरकार है तो दूसरी तरफ कांग्रेस-सपा इंडी गठबंधन है। यह औरंगजेब के नए अवतार पैदा हो गए हैं, जो कहते हैं कि विरासत टैक्स लगाएंगे। जैसे औरंगजेब ने हिंदुओं पर जजिया कर लगाया था, ये वैसे ही चाहते हैं। सीएम ने पूछा कि क्या स्वतंत्र भारत में आप जजिया कर देंगे।मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को फिरोजाबाद लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी विश्वदीप सिंह के पक्ष में जनसभा को संबोधित किया। लोकतंत्र के महापर्व में सात मई को कमल के फूल पर वोट देने की अपील की। सीएम योगी ने कहा कि कांग्रेस का घोषणापत्र कहता है कि अल्पसंख्यकों को रुचि के अनुरूप खाने की स्वतंत्रता देंगे। आखिर ऐसा कौन सा भोजन है, जो बहुसंख्यक समाज को नहीं पसंद है और अल्पसंख्यक समाज को पसंद है। भारत का बहुसंख्यक कहता है कि हम गोमांस नहीं खाते, लेकिन कुछ लोग चिढ़ाने के लिए जानबूझकर गोहत्या को प्रश्रय देते हैं। इन्हें दिए गए वोट से आने वाली पीढ़ियां और दूसरे लोक के पूर्वज कोसेंगे कि क्या मजबूरी थी कि इनके पाप में भागीदार बन रहे हैं। इंडी गठबंधन को मिलने वाला वोट पाप में भागीदारी बनने जैसा है। योगी ने कहा कि देश जब मजबूत हाथों में होता है तो दुश्मन दब कर रहता है और मजबूर हाथों में रहता है तो दुनिया आंखें दिखाती हैं।



दुश्मन भारत की थप्पड़ मारने की तरफ लपकता है तब तक यहां से जोरदार घूसा जड़ा जाता है कि दुश्मन धराशायी हो जाता है। उन्होंने कहा कि कोरोना संकट हो या आपदा का समय, तब राहुल गांधी देश छोड़कर भाग जाते हैं, तब उन्हें भारत की चिंता नहीं होती और चुनाव के समय देश में आकर बड़ी-बड़ी घोषणाएं करते हैं। सपा-बसपा सरकार में क्या होता था। राजू पाल की हत्या हुई थी, उसके परिवार के लोगों को न्याय नहीं मिलना चाहिए था। कयह लोग सुरक्षा, सुशासन, विकास नहीं दे सकते। फिर इस बोझे को ढोने से क्या फायदा है। यह देश पर बोझ हैं। सीएम ने कहा कि देश के सम्मान, सुरक्षा, आतंकवाद-नक्सलवाद के खात्मे, गरीब कल्याण व विकास के लिए मोदी जी के नेतृत्व में 10 वर्ष के अंदर अभूतपूर्व कार्य हुए हैं, इसलिए जनता फिर से मोदी सरकार लाने को उतावली है। सपा-कांग्रेस गठबंधन व बसपा ने यहां प्रत्याशी उतारा है। भाजपा शासन में विकास, गरीब कल्याणकारी योजनाएं व आस्था का सम्मान है। भाजपा शासन में राम मंदिर के निर्माण से आपको खुशी हुई, जबकि कांग्रेस, सपा-बसपा इसमें रोड़ा थी, इसलिए बैरियर बनी इन पार्टियों को सिर का ताज और गले का हार नहीं बनाना है।

## देश की तकदीर बदलने का चुनाव :ब्रजेश

जनता कनेक्शन

हमीरपुर । उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने गुरुवार को कहा कि मौजूदा लोकसभा चुनाव देश की तकदीर व तस्वीर बदलने का चुनाव है।

हमीरपुर महोवा संसदीय क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी पुष्पेंद्र सिंह चंदेल की नामांकन सभा को संबोधित करते हुये उन्होने कहा कि बुन्देलखंड में लोग रात में निकलने से डरते थे। अब आपके बोट की ताकत है कि माताएं बहने किसी समय् कही भी आ जा सकती है उनसे गुंडा मवाली बोलने वाला नही है।

उन्होने कहा कि लडाई दो विचारधारा की है। सपा भारत माता को गाली देती है वहीं भाजपा भारत माता की जय बोलती है। भाजपा का लक्ष्य भारत माता को परम वैभव तक पहुंचाना है।

उपमुख्यमंत्री ने कहा कि सपा राज्य में गुंडे माफिया स्वच्छंद विचरण करते थे मगर योगी सरकार में माफिया अपने आप जेल जाने को तैयार हो जाता है। सरकार हर 70 साल उम्र के लोगो को आयुष्मान कार्ड जारी कर पांच लाख की इलाज की गांरटी देने जा रही है। उन्होने कहा कि सपा व कांग्रेस में आज भी परिवारवाद पूरी तरह हावी है मगर भाजपा में एक बूथ अध्यक्ष दल में प्रदेश व देश का अध्यक्ष बन सकता है। भाजपा की नीतियो व सिद्धांतो से लोग प्रेरित होकर लोग भाजपा को पसंद कर रहे है। सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव पर हमला करते हुये कहा कि कल्याण सिंह के निधन पर पांच सौ मीटर दूर चलकर अखिलेश यादव पुष्पांजलि करने नही गये थे मगर माफियों की मृत्यु पर वह पांच सौ किलोमीटर दूर जाकर फातिया पढ़ने गये थे। श्री पाठक ने कहा कि विपक्ष का पीडीए का मतलब परिवार डेवलेपमेंट पार्टी है। भाजपा प्रत्याशी पुष्पेंद्र सिंह चंदेल ने कहा कि वह दस साल में जनता की हर समस्या का समाधान किया है। जनता के एक पैसे का वह गुनहगार नही है। इस मौके पर केंद्रीय मंत्री साध्वी निरंजन ज्योति,प्रदेश सरकार में राज्यमंत्री रामकेश निषाद,सदर विधायक मनोज प्रजापति,राठ विधायक मनीषा अनुरागी, राजीव शुक्ला, महोवा विधायक राकेश गोस्वामी,घनश्याम अनुरागी, पूर्व विधायक युवराज सिंह,जीतेंद्र मिश्रा,सुनील पाठक,जयंती राजपूत ने भी संबोधित कर प्रत्याशी को जिताने की अपील की।



## मां काली की लीला के मंचन में बालक की गर्दन कटी...मौत

कानपुर में बिल्हौर कोतवाली क्षेत्र के बभियापुर गांव में हो रही श्रीमद्भागवत कथा में बुधवार की रात मां काली की झांकी व लीला के मंचन के दौरान दिल दहलाने वाली घटना हुई। मां काली का अभिनय कर रहे गांव के बालक ने भूत-प्रेत की भूमिका निभा रहे बालक के गर्दन पर चाकू से वार कर दिया, गर्दन कटने से वह लहूलुहान हो गया। गंभीर रूप से घायल बालक को बिल्हौर सीएचसी में भर्ती कराया गया, वहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। बंभियापुर गांव निवासी बबलू कश्यप ने पुलिस को दी तहरीर में कहा है कि गांव में सुभाष सैनी के घर पर हो रही श्रीमद्भागवत कथा में बुधवार की रात मां काली की झांकी और लीला का मंचन हो रहा था।

आयोजक मंडल ने गांव के किशन सैनी (14) को मां काली का अभिनय करने के लिए काले कपड़े पहनाए, जबकि उनके पुत्र शिवम उर्फ शनि (11) को भूत-प्रेत का अभिनय करने को कहा गया। मंच पर लीला के मंचन के दौरान मां काली का भेष धरे किशन सैनी ने अभिनय के दौरान उनके पुत्र शिवम उर्फ शनि की गर्दन पर वार कर दिया।इससे शिवम लहूलुहान हो गया। आनन फानन उसे सीएचसी बिल्हौर ले जाया गया, वहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। इंस्पेक्टर बिल्हौर केशव तिवारी ने बताया कि शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। वहीं, सहायक पुलिस आयुक्त अजय त्रिवेदी ने बताया कि पीड़ित पिता की तहरीर पर बालक किशन सैनी के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज की गई है। बंभियापुर गांव में श्रीमद्भागवत कथा में मां काली की झांकी के मंचन के दौरान चाकू लगने से बच्चे की मौत के मामले में बड़ी लापरवाही सामने आई है। ग्रामीणों ने सवाल उठाया है कि मंचन के दौरान असली चाकू क्यों दी गई, वह भी नाबालिग के हाथ।इसके अलावा आचार संहिता लागू होने के बाद भी बगैर अनुमति कथा कराई जा रही थी। पुलिस को भी इसकी सुध तब आई, जब इतनी बड़ी घटना हो गई। इंस्पेक्टर केशव तिवारी ने बताया कि आयोजक सुभाष सैनी ने कोई अनुमति नहीं ली थी। इस वजह से कथा बंद करा दी गई है। बुधवार रात 11:30 बजे तक कार्यक्रम कैसे चलता रहा और स्थानीय चौकीदार व बीट सिपाही ने इसकी जानकारी कोतवाली में क्यों नहीं दी थी, इसकी जांच की जा रही है। इंस्पेक्टर केशव तिवारी ने बताया कि कुछ ग्रामीणों ने कहा है कि चाकू पर चढ़ा म्यान धक्का-मुक्की में निकल जाने के कारण हादसा हो गया। कुछ ग्रामीणों ने घरेलू चाकू से घटना होने की बात कही है। पुलिस घटना में प्रयुक्त चाकू की तलाश कर रही है।

# संक्षिप्त समाचार

## भाजपा ने कैसरगंज से बृजभूषण शरण सिंह के पुत्र को बनाया उम्मीदवार

नयी दिल्ली, भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने उत्तर प्रदेश की कैसरगंज लोकसभा सीट से सांसद बृजभूषण शरण सिंह के पुत्र करण भूषण सिंह को उम्मीदवार बनाया है। पार्टी की आज यहां जारी 17वीं सूची में कैसरगंज और रायबरेली सीट के प्रत्याशियों के नाम घोषित किये गये। भारतीय कुश्ती महासंघ के अध्यक्ष के पद पर नियुक्ति के दौरान विवादों में घिरे बृजभूषण शरण सिंह को टिकट नहीं देकर उनके कनिष्ठ पुत्र को कैसरगंज से भाजपा का टिकट दिया गया है। रायबरेली सीट से दिनेश प्रताप सिंह को टिकट दिया गया है।

## रोडवेज बस ने गाड़ी को ओवर टेक करते समय मारी जोरदार टक्कर

बहजोई। (सम्भल)। संभल में रोडवेज बस ने एसेट गाड़ी को ओवरटेक करते समय मारी जोरदार टक्कर, एसेट गाड़ी में सवार दो महिलाएं व दो मासूमों सहित चार की दर्दनाक मौके पर मौत,मौके पर मची चीख पुकार,राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस, पुलिस ने अस्पताल में घायलों को एंबुलेंस से कराया भर्ती, चिकित्सक ने दो को किया रेफर, एक युवक का किया जा रहा सीएचसी में उपचार, रेफर महिला की हालत नाजुक,पुलिस मृतक के शवों को कब्जे में लेकर पंचनामभर पोस्टमार्टम को भेजा,एसेट गाड़ी में सवार होकर परिवार जन रामपुर से वृद्धावन दर्शन करने के लिए जा रहें थे। हादसा संभल गुन्नौर कोतवाली क्षेत्र के आगरा मुरादाबाद नेशनल के गांव बीचपुरी सैलाब मोड पर हुआ।

## घूस लेते दरोगा और सिपाही गिरफ्तार

जौनपुर, भ्रष्टाचार निवारण संगठन (एन्टी करप्शन) वाराणसी की टीम ने गुरुवार को जौनपुर जिले में बक्शा थाने की चौकी धनियांमऊ के चौकी प्रभारी दरोगा एवं एक सिपाही को 20 हजार रुपए का घुस लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार कर किया।

आधिकारिक सूत्रों के अनुसार सदर तहसील क्षेत्र में सरायहरखू गांव के निवासी जय शंकर नामक व्यक्ति ने एन्टी करप्शन टीम से शिकायत की थी कि उसके विरोधी से मिल कर चौकी इंचार्ज ने मकान का निर्माण रोकवा दिया है, काम शुरू करने के लिए 20 हजार रुपए घूस मांग रहा है। इसे एन्टी करप्शन की टीम ने गम्भीरता से लिया और 20 हजार रुपए पर पाउडर लगा कर देने को कहा, आज दिन में बाद दोपहर अपनी योजना के तहत 20 हजार रुपए जय शंकर से दरोगा को दिलवाया जैसे ही चौकी इंचार्ज भिल्लू राम पैसा लिए टीम ने उन्हे धर दबोचा। साथ में चौकी का सिपाही सूर्य प्रकाश जो इस घूसखोरी में शामिल रहा उसे भी गिरफ्तार कर थाना बदलापुर ले गई बदलापुर में एफआईआर दर्ज करने के बाद एन्टी करप्शन की टीम ने दोनो को लेकर वाराणसी चली गई। पुलिस अधीक्षक डॉ अजयपाल शर्मा ने आनन-फानन में दरोगा और सिपाही के निलंबन की कार्रवाई कर दी है।

## चोरों ने उड़ाया जेवरात व नगदी, जांच में जुटी पुलिस

लालगंज, प्रतापगढ़। अज्ञात चोरों ने पीडित के घर में घुसकर चोरी की दुस्साहसिक वारदात अंजाम देते हुए नकदी व जेवरात व बर्तन आदि पर हाथ साफ कर दिया। लालगंज कोतवाली के रायपुर भगदरा गुरू का पुरवा स्व. रवीन्द्र नाथ शुक्ल के पुत्र विवेक शुक्ल ने दी गई तहरीर में कहा है कि पहली मई को अपनी मां की दवा कराने पडोसी जिले रायबरेली गया था। रात में अज्ञात चोर खिडकी काटकर घर में घुस गये। चोरों ने घर के अंदर रखे जेवर व बर्तन तथा नकदी पर हाथ साफ कर दिया। गुरूवार को लोगो ने फोन कर घर में हुई चोरी की उसे जानकारी दी। इसके बाद पीड़ित घर पहुंचा तो चोरी की घटना देख आवाक रह गया। पीड़ित ने घटना के बाबत पुलिस को तहरीर दी है।

## महिला ने पति समेत ससुरालियों पर दर्ज कराया दहेज उत्पीडन की रिपोर्ट

कुंडा, प्रतापगढ़। कोतवाली के मांझी का पुरवा जमेठी गांव निवासी रंजीता पत्नी शिवकुमार ने पुलिस को तहरीर दी आरोप है कि उसकी शादी दो वर्ष पहले हुई थी। उसके बाद से ही ससुराल वाले और दहेज लाने का दबाव बनाकर प्रताड़ित करते रहे। 25 मार्च की रात करीब आठ बजे ससुरालीजन उसे पुनः दहेज लाने की बात कही। मना करने पर उसे मारा पीटा और जान से मारने की धमकी देते हुए कहा जब तक दहेज नहीं लाओगी। इसी तरह मारपीट होती रहेगी। पीड़िता ने मायके फोन कर जानकारी दी। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने पति शिव कुमार, सास गीता देवी पत्नी राम सुख देवर दिनेश पटेल, सोनी पटेल पत्नी धर्मेंद्र पटेल के खिलाफ विभिन्न धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की है।

## आग की चपेट में आने से बच्ची की मौत

प्रतापगढ़। घर के बाहर रखे जनरेटर बाक्स में लगी आग की चपेट में आने से छह साल की बच्ची की मौत हो गई। घटना गुरुवार दोपहर आसपुर देवसरा थाना के केवटली गांव में हुई। बताते है कि आसपुर देवसरा क्षेत्र के केवटली गांव निवासी राकेश सिंह डीजे चलाते हैं। उनकी छह साल की बेटी रूही सिंह गुरुवार दोपहर करीब 11 बजे घर के पीछे जनरेटर के खाली पड़े बाक्स में खेल रही थी। अचानक बाक्स में आग लग गई। घटना के समय परिवार के लोग घर के भीतर थे। थोड़ी देर बाद घर के पीछे से गुजर रहे एक ग्रामीण की नज़र जनरेटर के डिब्बे पर पड़ी तो उसने दौड़कर घर वाले को सूचना दी। परिजनों ने आग बुझाई लेकिन अंदर झांक कर देखा तो रूही जलकर मृत पड़ी थी। बेटी की मौत पर से कोहराम मच गया। कुछ ही देर में गांव के लोगों की भीड़ जमा हो गई। एसओ संतोष सिंह भी मौके पर पहुंचे। उन्होंने शव कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम को भेज दिया। बाद में फायरब्रिगेड के लोग मौके पर पहुंचे और आग लगने के कारणों की जांच की। फायरब्रिगेड के एएसआई राधेश्याम दुबे ने बताया कि मौके पर लाइट पटाखा (क्रेकलिंग लाइट) के अवशेष पड़े थे। अनुमान है कि बच्ची ने वही जलाया और बाक्स के फॉम से आग लग गई। फॉम की लपटें तेज होने की दशा में वह बाहर नहीं निकल सकी।

## वोट डालने जाना है अपना फर्ज निभाना है...

प्रतापगढ़। एलायंस क्लब इंटरनेशनल द्वारा चलाए जा रहे मतदाता जागरूकता अभियान में गुरूवार को क्लब के पदाधिकारी व क्लब के डायरेक्टर समाजसेवी रोशनलाल उमरवैश्य के नेतृत्व में अजीत नगर, बेगम वार्ड, सदर बाजार में बैठक कर शत प्रतिशत मतदान की शपथ दिलाई गई। उन्होने अजीत नगर सृजना कुटीर में शपथ दिलाते हुए सभी को जिम्मेदारी दी कि अपने-अपने क्षेत्र में शत प्रतिशत मतदान के लिए जनमानस को प्रेरित करें। उन्होने कहा कि देश से अगर प्यार है तो मतदान जरूर करें जिससे लोकतंत्र मजबूत हो। सभी मतदाताओं ने नारे लगाकर 25 मई को मतदान करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर डॉ. दयाराम मौर्य, आनंद मोहन ओझा, अमरनाथ गुप्ता, सुनील कुमार सिंह, कुंज बिहारी लाल, राधेश्याम दीवाना, श्रीनाथ मौर्य, प्रेम कुमार त्रिपाठी, अनिल कुमार, राजीव कुमार आर्य, राकेश कनौजिया आदि को मतदाताओं को जागरूक करने की जिम्मेदारी दी गई।

## नवीन मण्डी महुली परिसर को 07 जून तक किया गया अधिग्रहीत

प्रतापगढ़। जिला निर्वाचन अधिकारी संजीव रंजन ने लोकसभा चुनाव में मतदान पार्टियों (पोलिंग पार्टियों) के द्वारा 20 एवं 25 मई को मतदान सम्पन्न होने के पश्चात् उनके द्वारा उसी दिन सायं से देर रात तक ईवीएम, वीवीपैट एवं अन्य निर्वाचन सामाग्रियों व अभिलेखों को स्ट्रांग रूम में जमा करने एवं मतगणना कराने हेतु नवीन मण्डी समिति महुली को तत्काल प्रभाव से अधिग्रहीत किया जाना अनिवार्य है। नवीन मण्डी समिति महुली के सम्पूर्ण परिसर को 10 मई से 07 जून तक अधिग्रहीत किया है। इसी तरह लोकसभा चुनाव हेतु मतदान कार्मिकों का प्रशिक्षण कार्य 09 से 17 मई तक सन्त एन्थोनी इण्टर कालेज एवं राजकीय इण्टर कालेज में कराया जाना है। जिला निर्वाचन अधिकारी ने 09 से 17 मई तक की अवधि के लिये सन्त एन्थोनी इण्टर कालेज एवं राजकीय इण्टर कालेज को अधिग्रहीत किया है।

## गैंगरेप की घटना में कार्यवाही न होने पर पीड़िता ने एसपी की चौखट पहुंच लगाई न्याय की गुहार

महोबा । बुंदेलखण्ड के महोबा जिले में कलयुगी पति ने अपनी पत्नी को खाने मे नसीला पदार्थ खिलाकर अपने कुछ दोस्तो के साथ मिलकर गैंगरेप की घटना को अंजाम दे डाला द्य कोतवाली पुलिस को तहरीर सौपने के बाद कार्यवाही न होने पर एसपी को शिकायत सौपी है । शहर कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी पड़िता ने पुलिस को बताया कि बीते रोज उसका पति और दो मित्र घर पहुँचे और उसके लिए मार्केट से खाने की सामग्री लेकर आए द्य वह खाने के बाद घरेलू काम मे लग गई द्य काम करते समय उसका सिर चकराने लगा तो वह लेट गयी जब होस आया तो उसके शरीर मे कपड़े फैले पड़े थे द्य

# राजनाथ सिंह ने अध्यात्मिक गुरु बाबा गुरिंदर सिंह से लिया आशीर्वाद

जनता कनेक्शन

लखनऊ। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने प्रात: राधा स्वामी सत्संग ब्यास के आध्यात्मिक प्रमुख बाबा गुरिंदर सिंह से भेंट कर आशीर्वाद प्राप्त किया। राजनाथ सिंह प्रात: लगभग 10:00 बजे कैंट सदर स्थित राधा स्वामी सत्संग में पहुंचे, जहां बाबा गुरिंदर सिंह जी का सत्संग कार्यक्रम चल रहा था। राजनाथ सिंह ने भी कुछ देर सत्संग में बैठकर बाबा जी का सत्संग सुना जहां बाबा जी ने कहा की कर्मो का हिसाब तो अटल है कर्म न किसी के ले सकते है और न किसी को दे सकते हैं। कर्मों का हिसाब तो सबको देना ही पड़ेगा। इसके पश्चात बाबा जी ने हजारों की सं या में कतारबद्ध बैठे हुए अनुयायियों के समीप से गुजरते हुए सभी को दर्शन दिए जिसमे बाबा जी के साथ राजनाथ सिंह भी साथ में उपस्थित रहे। संगत में रक्षा मंत्री के साथ



उप मु यमन्त्री ब्रजेश पाठक, एमएलसी मुकेश शर्मा, महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी, महापौर सुषमा खर्कवाल, के.पी सिंह, दिवाकर त्रिपाठी, डॉ राघवेंद्र शुक्ला, प्रवीण गर्ग सहित अशोक मोतियानी, अनिल बजाज और चेतन मल्होत्रा ने सत्संग और दर्शन कार्यक्रम में स मलित होकर आशीर्वाद प्राप्त किया।

सत्संग ब्यास समिति द्वारा प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रत्येक रविवार को पूरे देश में एक निश्चित समय पर सुबह सत्संग होते है जबकि कई सत्संग घर में मध्यसाप्त: को भी सत्संग होता है ।

# खेतों में मारी दबिश, 150 किलो लहन कराया नष्ट

लखनऊ (जनता कनेक्शन)। लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत राजधानी लखनऊ जनपद क्षेत्र में अवैध मदिरा के निर्माण, बिक्री और तस्करी पर प्रभावी अंकुश लगाने के क्रम में लगातार औचक दबिश की जा रही है और ऐसे में अनधिकृत अड्डों को मौके पर ही नष्ट करने की कार्रवाई की जा रही है।

इस क्रम में जिला आबकारी अधिकारी राकेश कुमार सिंह ने तरूणमित्र टीम को जानकारी देते हुए बताया कि जनपद में चलाये जा रहे प्रवर्तन अभियान के अंतर्गत गुरुवार को आबकारी निरीक्षक क्षेत्र 4 लखनऊ द्वारा मयस्टॉफ थाना माल अंतर्गत ग्राम रामनगर, बाजर गांव में संदिग्ध घरों, खेतों, बगीचों और तालाबों के किनारे जैसे संदिग्ध स्थानों पर दबिश और छापेमारी की गई।



दौरान दबिश मौके से लगभग 15 लीटर अवैध कच्ची शराब और 150 किलो लहन बरामद हुआ। बताया कि लहन को मौके पर नष्ट करते हुए आबकारी अधिनियम की सुसंगत धाराओं में एक अभियोग पंजीकृत किये गये। प्रवर्तन कार्रवाई के दौरान आबकारी टीम में प्रधान आबकारी सिपाही प्रद्युम्न श्रीवास्तव, सुधीर कुमार, रेश्मा आदि मौजूद रहे।

# भाजपा की जुमलेबाजी इस बार काम नहीं आने वाली,विदाई तय : मायावती

जनता कनेक्शन

मैनपुरी। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को जुमलेबाज पार्टी करार देते हुये बहुजन समाज पार्टी (बसपा) अध्यक्ष मायावती ने गुरुवार को कहा कि मौजूदा लोकसभा चुनाव में जुमलेबाजी काम नहीं आयेगी। क्रिश्चियन कॉलेज के खेल मैदान में चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुये सुश्री मायावती ने कहा कि भाजपा केंद्र में वापस नहीं आयेगी। भाजपा ईवीएम में गड़बड़ी करती है और जुमलेबाजी पार्टी है। 2024 के लोकसभा चुनाव में भाजपा की जुमलेबाजी काम नहीं आयेगी। उन्होंने भाजपा के साथ-साथ कांग्रेस पर भी निशाना साधा और कहा कि कांग्रेस की गलत नीतियों के कारण ही कांग्रेस के हाथों से सत्ता गयी। केंद्र और राज्य कांग्रेस के हाथ से निकलते चले गए।

मायावती ने कहा कि बसपा पार्टी करके दिखाने में विश्वास रखती है और



अन्य पार्टियां घोषणा पत्र जारी कर जनता को गुमराह करने का काम करती हैं। उन्होने दावा किया कि समाजवादी पार्टी का प्रत्याशी मैनपुरी में दूसरे या तीसरे नम्बर पर आ सकता है। बसपा के प्रत्याशी किसी को हराने या जिताने के लिए नहीं लड़ रहे,बल्कि जीतने के लिए लड़ रहे हैं। मैनपुरी, एटा और फिरोजाबाद से बसपा प्रत्याशी जीत रहे हैं। बसपा अध्यक्ष ने मैनपुरी की जनता से बसपा प्रत्याशी शिवप्रसाद यादव को भारी बहुमत से जिताने की अपील की और कहा कि मैनपुरी में आज की रैली में उमड़ी भीड़ ने साबित कर दिया है कि जनता बसपा के साथ है और बसपा ही मैनपुरी सीट से विजयी होगी।

## संक्षिप्त समाचार

### एनटीए ने नीट के जारी किए प्रवेश पत्र

लखनऊ (जनता कनेक्शन)। नेशनल टेस्टिंग एजेंसी में नीट की परीक्षा के लिए प्रवेश पत्र जारी कर दिए हैं। यह प्रवेश पत्र एक मई की मध्य रात्रि में अधिकारिक वेबसाइट पर अपलोड किए गए है। अ यर्थी नीट यूजी की अधिकारिक वेबसाइट पर जाकर इन्हें डाउनलोड कर सकते हैं। इसके लिए उन्हें एप्लीकेशन नंबर, डेट ऑफ बर्थ और सिक्योरिटी पिन डालना होगा। निजी कोचिंग संस्थान के करियर काउंसलिंग एक्सपर्ट पारिजात मिश्रा ने बताया कि एडमिट कार्ड के साथ अभियर्थी को 23 दिशा निर्देश भी जारी किए हैं। जिनकी पालना करने पर ही उन्हें केंद्र पर प्रवेश मिलेगा। इसके साथ ही इनमें वे दिशा निर्देश भी हैं, जो की परीक्षा के दौरान और परीक्षा के बाद उन्हें फोलो करने हैं। अ यर्थियों को परीक्षा के दौरान ड्रेस कोड, क्या करें और क्या नहीं करना है। यह भी इसमें बताए गए हैं। नीट यूजी की परीक्षा पेन पेपर मोड पर देश और विदेश के 569 शहरों के करीब 5000 परीक्षा केंद्र पर 5 मई को आयोजित की जाएगी।

### मनबढ दबंग तीन माह के लिये जिलाबदर

लखनऊ (जनता कनेक्शन)। आगामी लोकसभा चुनाव में लोक शांति व्यवस्था बनाये रखने तथा आपराधिक गतिविधियों पर प्रभावी अकुंश लगाये जाने के लिये बुद्धवार को जेसीपी कानून एवं व्यवस्था के न्यायालय से निगोहां थाना क्षेत्र के एक गांव के रहने वाले मनबढ दबंग को 3(1) यूपी गुण्डा एक्ट के तहत गुण्डा घोषित करते हुये ती?न माह के लिये जिला बदर किया गया।थाना प्रभारी अनुज कुमार तिवारी ने बताया जेसीपी कानून एवं व्यवस्था न्यायालय से थाना क्षेत्र के निगोहां गांव निवासी पकंज द्विवेदी को यूपी गुण्डा एक्ट के तहत गुण्डा घोषित करते हुये तीन माह के लिये जिलाबदर किया गया।पुलिस टीम? ने गुरूवार को जिलाबदर किये गये मनबढ दबंग पकंज द्विवेदी के घर पहुंचकर नोटिस चस्पा की।

### पुलिस ने एक वारंटी को किया गिरफ्तार

लखनऊ (जनता कनेक्शन)।निगोहां पुलिस ने घर में घुसकर मारपीट व तोड़फोड़ के मुकदमे में न्यायालय से एनबीडब्ल्यू वारंट जारी होने के बाद से फरार चल रहे एक वांरटी को गिरफ्तार कर न्यायालय ?में पेश किया,जहां से उसे जेल भेज दिया गया।थाना प्रभारी अनुज कुमार तिवारी ने बताया 2012 में घर में घुसकर मारपीट व तोड़फोड़ के दर्ज मुकदमें में न्यायालय से एनबीडब्ल्यू वारंट जारी होने के बाद से फरार चल रहे अभियुक्त अरविंद निवासी गुरूबक्शखेड़ा मजरा बरवलिया थाना निगोहा को उपनिरीक्षक राजेश कुमार दीक्षित ने पुलिस टीम के साथ गुरूवार की सुबह उसके घर पर दाबिश देकर गिरफ्तार किया।अभियुक्त को न्यायालय में पेश किया गया,जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

### दुर्घटना में घायल मासूम की इलाज के दौरान मौत

लखनऊ (जनता कनेक्शन)। निगोंहा क्षेत्र के भद्दी सिर्स के गरीबखेड़ा गांव निवासी मोनी ने पुलिस से शिकायत करते हुये बताया बीते सोमवार की रात सात बजे के करीब पिता रामकिशोर मां व विवाहिता बहन अपनी मासूम बेटी पलक के साथ बाइक से घर वापस लौट रहे थे जैसे ही गौतमखेड़ा बांक पुल के पास पहुंचे ही थे कि तभी तेज रफ्तार अज्ञात पिकप डाला ने बाइक में जोरदार टक्कर मारने के बाद मासूम पलक समेत पिता व मां को रौदते हुये वाहन समेत चालक मौके से भाग निकला।सूचना के बाद मौके पर पहुंचकर घायलो को इलाज के लिये निजी अस्पताल लेकर गये,जहां इलाज के दौरान मासूम की मौत हो गयी।थाना प्रभारी अनुज कुमार तिवारी ने बताया पीड़िता की तहरीर पर अज्ञात पिकप व चालक के विरूद्व मुकदमा दर्ज कर तलाश शुरू कर दी गयी है।

### विधालय प्रबंधक परिषद पुलिस आयुक्त से की मुलाकात

**दोषियो के खिलाफ की कार्यवाही की मांग**

आगरा (जनता कनेक्शन)।भारतीय विद्यालय प्रबंधक परिषद एंव ऑल स्कूल वेलफेयर सोसाइटी (अस्वा)के संयुक्त तत्वाधान में श्रीमती शारदा देवी उच्च माध्यमिक विद्यालय रिठौरी कागरोल के प्रबंधक श्री नरेश चाहर को 29 अप्रैल को प्रात: हमलावरों ने गोली मारकर हत्या करने का प्रयास किया जिसमें वह बुरी तरह जख्मी हो गए इस प्रकरण में अभी तक कोई गिरफ्तारी नहीं हुई है इसी संदर्भ में आज पुलिस कमिश्नर से मुलाकात की जिसमें शीघ्र अति शीघ्र आरोपियों को गिरफ्तार करने की मांग की गई इस दौरान मुख्य रूप से भारतीय विद्यालय प्रबंधन



परिषद के प्रदेश अध्यक्ष गजेंद्र सिंह परमार महामंत्री मनोज पाराशर एवं अस्वा के जिला अध्यक्ष सचिन शर्मा, डॉ मनोज यादव और दोनों संगठनों की ओर से शिवराज तोमर ,अनिल यादव, अविनाश भदोरिया, शिवकुमार शर्मा ,जगमोहन यादव ,रोहित खान ,पवन शर्मा ,विशेष वर्मा ,शिवेंद्र सिंह, विपिन शर्मा ,संजय शर्मा, राजीव पाठक एवं हरेश चाहर आदि प्रबंधक मौजूद रहे।

### साडी सेंटर मे लगी आग

आगरा (जनता कनेक्शन)। थाना ताजगंज के करभना मे स्थित पूर्वी साडी सेंटर मे वीती रात आग लगने से लाखो का समान जलकर राख हो गया! सूचना पर पहुंची दमकल की गाडियों ने आग पर काबू पाया! मिली जानकारी के अनुसार बीती रात लगभग तीन बजे पूर्वी साडी सेंटर से अचानक धुआ और आग की लपटे निकलने लगी !पडोसियो के घर मे धुआं भर गया लोगो ने दुकान मालिक और दमकल विभाग को सूचना दिया! सूचना पर पहुंची दो गाड़ी दमकल की जब तक आग पर काबू पाती लाखो का समान जलकर खाक हो गया!आग की लपटे इतनी तेज थी की पास में खडी एक बाइक भी जल कर राख हो गयी! साडी सेंटर संचालक ताराचंद ने बताया की लगभग 20 लाख का माल जल कर राख हो गया ! वही पुलिस आग लगने का कारण विधुत शारट सर्किट मान ही है!



# तेज रफ़्तार कार पेड़ से टकराई चालक की मौत, दो छात्रों की हालत नाजुक

**मोबाइल फोन पर रील बनाते समय हुआ हादसा**

जनता कनेक्शन

मलिहाबाद,लखनऊ। इन दिनों युवाओं में मोबाइल फोन पर रील बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल करने का जुनून सवार है। रील बनाने में लापरवाही के चलते एक युवक मौत के गाल में समा गया।

मलिहाबाद में एक ऐसा मामला सामने आया है।

कोतवाली क्षेत्र में मोहान रोड पर जा रही तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे लगे पेड़ से टकरा गई। टककर इतनी तेज थी कि कार के परखच्चे उड़ गये। कार का इंजन टूटकर करीब 25 फिट दूर जा गिरा। इस हादसे में कार चला रहे चालक की मौके पर ही मौत हो गयी जबकि कार में बैठे दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गये। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को स्थानीय सीएचसी में भर्ती कराया। जहां डॉक्टरों ने घायलों की हालत गंभीर देखते हुए ट्रामा सेन्टर रेफर कर दिया। जहां उनकी हालत नाजुक बताई जा रही है।

मिली जानकारी के अनुसार मलिहाबाद क्षेत्र के केवलहार निवासी समद पुत्र राजू खान जेन कार यूपी 32 बीसी 8535 से दोपहर करीब 1 बजे मलिहाबाद से अपने घर जा रहा था। तभी रास्ते में शफा स्कूल में छुट्टी हो गयी और सडक पर खड़े मिर्ज़ागंज निवासी कक्षा 11 के छात्र अर्सलान पुत्र पप्पू खान व मोहल्ला बस्ती धन्वंत राय निवासी नवाज पुत्र मुन्नू खान को देखकर समद ने कार रोक दी। तो उक्त दोनो छात्रों ने घर तक छोड़ देने के लिए कहा । समद ने केवलहार से वापस आकर घर छोड़ने की बात कहकर कार में बैठा लिया। कार जैसे ही कनकोहरी बाबा की मजार के पास पहुंची थी। तभी कार चालक समद मोबाइल से रील बनाने लगा। इसी दौरान अनियंत्रित कार सड़क किनारे पेड़ मे जा घुसी। कार की टककर इतनी तेज थी कि कार के परखच्चे उड़ गये। कार का इंजन टूटकर करीब 25 फिट दूर जा गिरा। कार चला रहे चालक समद की मौके पर ही मौत हो है। और कार में बैठे छात्र अर्सलान व नवाज गंभीर रूप से घायल हो गये। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को स्थानीय सीएचसी में भर्ती कराया। जहां डॉक्टरों ने घायलों की हालत गंभीर देखते हुए ट्रामा सेन्टर रेफर कर दिया। जहां उनकी हालत नाजुक बताई जा रही है। वही मृतक के परिजनों ने शव का पोस्टमार्टम कराने से मना कर दिया। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर परिजनों को सौंप दिया परिजनों ने शव का अंतिम संस्कार कर दिया है। मृतक के परिवार में पिता राजू खान माता मुन्नी खान व भाई दाऊद, सऊद एवं एक बहन है। इस हादसे से पूरे घर में कोहराम मचा हुआ है।



**रील बनाते समय हुआ हादसा**

राहगीरों की मानें तो तेज रफ्तार से कार में युवक मोबाइल फोन से रील बना रहे थे तभी कार अनियत्रित होकर पेड़ से टकरा गई और ये हादसा हो गया।

आजकल युवा रील बनाने के चककर में अपनी जान गवा रहे हैं इससे पूर्व भी न जाने कितने युवा युवतियाँ रील बनाते समय काल के गाल में समा चुकी हैं।







**हादसे में कार का इंजन टूटकर करीब 25 फिट दूर जा गिरा**

### प्रेमी ने मौत को गले लगाया

कानपुर तुम्हें बहुत घमंड है न। अब तुम जिंदगी में कभी हमसे बात नहीं कर पाओगी। ये आखिरी मैसेज बीएससी की पढ़ाई कर रहे रावतपुर थानाक्षेत्र के मसवानपुर निवासी छात्र ने प्रेमिका को भेजकर जान दे दी। इस मैसेज से पहले युवक ने प्रेमिका से बात करने का प्रयास किया लेकिन उसने जवाब में गो टू हेल लिखा मैसेज भेज दिया। इससे वह आहत था।

## अंकों में गड़बड़ी करने पर डायट के तीन शिक्षक निलंबित

कानपुर में जिला प्रशिक्षण एवं प्रशिक्षण संस्थान (डायट) में डीएलएड की कॉपियों के मूल्यांकन में गड़बड़ी पर तीन शिक्षकों को निलंबित कर दिया गया है। एडी बेसिक की रिपोर्ट पर स्टेट काउंसिल ऑफ एजुकेशनल रिसर्च एंड ट्रेनिंग के (एससीईआरटी) निदेशक के आदेश पर यह कार्रवाई की गई है। डायट नर्वल में तैनात इन तीनों को अन्य जिलों में संबद्ध किया गया है। सात सितंबर 2023 को इस मामले को अमर उजाला ने प्रमुखता से प्रकाशित किया था। 107 कॉपियों के अंकों और संस्थान के पास उपलब्ध अंक चिट में अंकों का अंतर मिला था। मूल्यांकन प्रभारी इंद्रजीत सिंह, अंक चिट प्रभारी अरुण विक्रम सिंह और कोठार प्रभारी संतोष कुमार सरोज पर गड़बड़ी करने का आरोप लगा था। मामले की शिकायत डीएम तक पहुंची थी। एडी बेसिक के निर्देशन में गठित जांच कमेटी मामले की जांच कर रही थी। इसी जांच रिपोर्ट के आधार पर तीनों शिक्षकों को दोषी पाया गया और निलंबन की संस्तुति की गई थी। तीनों औरैया, जालौन और कन्नौज कार्यालय में संबद्ध किए गए हैं।



## रेवन्ना के कृत्य के लिए माफी मांगे मोदी-शाह : राहुल

जनता कनेक्शन

नयी दिल्ली, कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने जनता दल-यस के सांसद प्रज्वल रेवन्ना के दुष्कर्म को %मास रेप% बताया और कहा कि बलात्कारी को समर्थन देने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह को माफी मांगनी चाहिए।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री और गृहमंत्री ने एक बलात्कारी का सिर्फ समर्थन ही नहीं किया बल्कि उसके लिए वोट मांगे हैं और इससे देश की महिलाएं अपमानित हुई है, इसलिए श्री मोदी और श्री शाह को देश की हर महिला से सर झुका कर माफी मांगनी चाहिए। उन्होंने कहा 卐जो रेवन्ना ने किया वो सेक्स स्कैंडल नहीं 'मास रेप' है। कर्नाटक में स्टेज से प्रधानमंत्री उस मास रेपिस्ट का समर्थन कर रहे थे, उसके लिए वोट मांग रहे थे। नरेंद्र



मोदी, अमित शाह और भाजपा के हर नेता को इस पाप के लिए देश की हर महिला से हाथ जोड़ कर, सिर झुका कर माफी मांगनी चाहिए। मास रेपिस्ट को हिंदुस्तान से भागने देंगे - ये है मोदी की गारंटी।

### एआई के जरिए योगी का बनाया डीप फेक वीडियो



लखनऊ (जनता कनेक्शन)। एसटीएफ यूपी को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की एआई जनरेटेड डीप फेक वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर अपलोड करके भ्रामक तथ्य फैलाकर राष्ट्र विरोधी तत्वों को बल देने वाले श्याम किशोर गुप्ता को गिरफ्तार करने में सफलता मिली है। लोकसभा चुनाव के बीच दिग्गज नेताओं के फेक वीडियो बनाने के मामले सामने आ रहे हैं। गृह मंत्री अमित शाह के फेक वीडियो के बाद अब यूपी के सीएम योगी का डीप फेक वीडियो बनाने के मामला सामने आया है। मामले को गंभीरता से लेते हुए नोएडा एसटीएफ ने साइबर क्राइम थाने में मुकदमा दर्ज कराया और पोस्ट करने वाले आरोपी श्याम किशोर गुप्ता को गिरफ्तार कर लिया है। एक मई को नोएडा बरोला के रहने वाले श्याम किशोर गुप्ता ने एक्स हैंडल पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का डीप फेक वीडियो अपलोड किया था। इस डीप फेक वीडियो में पुलवामा के वीर जवानों की पत्नियों का मंगलसूत्र आदि की बात की जा रही है। नहीं चाहिए भाजपा। भाजपा हटाओ, देश बचाओ, आदि बातें कहीं जा रही हैं। ट्विटर हैंडल पर पोस्ट करने वाले ने लिखा कि क्या यह वीडियो सही है। अगर सही है तो जनता अंधभक्त है।

वीडियो को यूपी भाजपा, पीएमओ, सीएम यूपी आदि को टैग किया गया है। नोएडा एसटीएफ के एसीपी राजकुमार मिश्रा ने बताया कि एसटीएफ की तरफ से इस मामले में साइबर क्राइम थाने में मुकदमा दर्ज कराया गया है और इस मामले में बरोला नोएडा के निवासी श्याम गुप्ता को गिरफ्तार किया गया है। प्राथमिक जांच में यह पता चला है कि यह डीप फेक वीडियो है और एआई जेनरेटेड है।

### पुनर्वास 12 विद्यार्थियों का हुआ कैम्पस प्लेसमेंट

लखनऊ (जनता कनेक्शन)। डॉ.शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय के 12 विद्यार्थियों का कैम्पस प्लेसमेंट हुआ है। यह जानकारी निदेशक प्लेसमेंट बिराग दीक्षित ने दी। उन्होंने बताया कि एमबीए, एमसीए और बीटेक के 12 विद्यार्थियों का प्रज्ञावानी सोलूसन्स एलएलपी लखनऊ में बिजनेस डेवलपमेंट एग्जीक्यूटिव, प्रोजेक्ट एग्जीक्यूटिव, टेंडर एग्जीक्यूटिव और वेब डेवलपर के पद पर 2.64 लाख के वार्षिक पैकेज पर कैंपस प्लेसमेंट हुआ है।

जिनका प्लेसमेंट हुआ है उनमें शुभम जायसवाल बीटेक, अभय रस्तोगी बीटेक, दिव्या राठौर एमबीए, अंजनेश कुमार तिवारी, एमबीए, आयुषी मिश्रा एमसीए, लक्ष्य त्रिपाठी बीटेक, आर्यन यादव बीटेक, अनुराग कुमार गुप्ता बीटेक, ऋषभ सिन्हा बीटेक, अंशिका गुप्ता बीटेक, प्रिया कुमारी बीटेक और अक्षत जायसवाल बीटेक का नाम शामिल है। विद्यार्थियों की इस कामयाबी पर कुलपति प्रोफेसर हिमांशु शेखर झा, कुलसचिव रोहित सिंह, अभियांत्रिकी एवं प्रोद्योगिकी संस्थान के निदेशक प्रो सीके दीक्षित ने उज्वल भविष्य की कामना करते हुए बधाई दी।

### इन्क्युबेशन सेंटर स्थापित करने पर मंथन

लखनऊ (जनता कनेक्शन)। प्रदेश में नवाचार और उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए प्रयासरत डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय वन डिस्ट्रिक्ट, वन इन्क्युबेर की पहल कर रहा है। इसके लिए इनोवेशन हब की अगुवाई में संबद्ध संस्थानों में 300 इन्क्युबेशन सेंटर स्थापित किए जाएंगे। इस क्रम में शुक्रवार को इनोवेशन हब के साथ कानपुर, लखनऊ, प्रयागराज , वाराणसी, आगरा, झांसी, बरेली के करीब 150 संबद्ध संस्थानों के प्रतिनिधियों की ऑनलाइन मीटिंग होगी।

मीटिंग में इन्क्युबेशन सेंटर को स्थापित करने की रूपरेखा पर चचा की जाएगी। साथ ही इनोवेशन हब की ओर से सेंटर स्थापना में किये जाने वाले सहयोग के बारे में बताया जाएगा। कुलपति जेपी पांडेय ने बताया कि विश्वविद्यालय से पूरे प्रदेश के साढ़े सात सौ से ज्यादा कॉलेज संबद्ध हैं। इन संस्थानों में इन्क्युबेशन सेंटर स्थापित होने से छात्रों के साथ ही स्थानीय लोगों का भी फायदा होगा। जो अपने आइडिया को इन सेंटर में स्टार्टअप के रूप में बदल सकेंगे।

### भाई के हाथों चली गोली से बहन की मौत

उन्नाव जिले में सदर कोतवाली क्षेत्र के एक मोहल्ले में बुधवार रात खेल-खेल में भाई के हाथों बहन की जान चली गई। परिजन रिश्तेदारी में गए थे और घर पर तीन भाई-बहन आपस में खेल रहे थे। तभी 10 वर्षीय भाई के हाथ लगे तमंचे से खेल-खेल में ट्रिगर दब गया और गोली इंटर की छात्रा 13 वर्षीय बहन के पेट में जा धंसी। अस्पताल ले जाते समय उसकी मौत हो गई। मां की तहरीर पर पुलिस ने मृतका के छोटे भाई के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। अन्य बिंदुओं पर जांच जारी है। मोहल्ला निवासी एक युवक के 16 और 13 साल की बेटियां और 10 साल का एक बेटा है। बुधवार रात करीब नौ बजे युवक पत्नी के साथ स्कूटी से अपनी मौसी के यहां गया था। घर में तीनों बच्चे अकेले थे।

आवश्यकता
joining Free
लखनऊ से प्रकाशित....
जनता कनेक्शन
पाक्षिक व दैनिक समाचार पत्र की न्यूज वेबसाइट
के लिए सभी जनपदों में जनपद,तहसील एवं थाना स्तर पर प्रतिनिधियों की आवश्यकता है।
इच्छुक लोग (महिला/पुरुष) अपना सीवी नीचे दी गई मेल या व्हाट्सऐप पर भेज सकते है ।
ब्यूरो चीफ कमलेश वर्मा
सम्पादक ऋचा सक्सेना
E-mail: jcnews240@gmail.com contact's:0522-3192214,9454606652,9935496838
www.dailyjantaconnection.com

सम्पर्क कार्यालय : निकट दुबग्गा चौराहा कानपुर रोड लखनऊ

जनता कनेक्शन
(हिन्दी दैनिक)
स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक रवि शंकर अस्थाना द्वारा त्रिपाठी प्रिंटिंग प्रेस, 12/29 पुराना किला, कैंट रोड लखनऊ से मुद्रित तथा 366/006/285 किशोर गंज कैम्पवेल रोड, बालागंज लखनऊ (उ0प्र0) से प्रकाशित
सम्पादक : रवि शंकर अस्थाना
फोन नम्बर : 0522-3192214
www.jantaconnection.in
EMail:jcnews240@gmail.com
समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के आधीन होंगे।